संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com
Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 20,अंक -24 शनिवार,25 नवम्बर 2023 , पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# बेहिसाब कैश देखकर पुलिस भी हैरान

» वोटिंग से पहले मिला नोटों का खजाना

» 5 राज्यों में अब तक 1760 करोड़ जब्त

» 2018 में इन 5 राज्यों से मिले कैश का 7 गुना ज्यादा

**नई दिल्ली,24 नवम्बर 2023 (ए)।** देश में अभी पांच राज्यों के चुनाव हो रहे है। दूसरे चरण के बाद तेलंगाना में 30 नवंबर को वोटिंग होना है। चुनाव आयोग द्वारा चुनावी राज्यों सघन चैकिंग चलाई जा रही है। तेलंगाना के ही गच्चीबाउली से



चैकिंग में 1760 करोड़ जब्त

पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक कार से पांच करोड़ रुपए कैश बरामद किया है।

पुलिस ने सघन चैकिंग के दौरान पांच करोड़ कैश देखकर पुलिस भी हैरान हो गई। इसके बाद पुलिस टीम ने चालक से कैश के बारे में पूछा तो वह इसका हिसाब नहीं दे पाया। इसके बाद चालक सहित दो अन्य लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बरामद कैश को आयकर विभाग को सौंप दिया गया।

**पांच राज्यों में चैकिंग में 1760 करोड़ जब्त**

चुनाव आयोग ने अब तक चैकिंग के दौरान 1760 करोड़ रुपए जब्त किया है। ये आंकड़ा पांच राज्यों का है। इतनी बड़ी रकम पकड़ाने के बाद इसका कोई हिसाब नहीं है। चुनाव आयोग के अनुसार पिछले 2018 के चुनाव से यह रकम 7 गुना ज्यादा है। चुनाव आयोग के मुताबिक, चुनाव ऐलान के बाद एमपी, मिजोरम, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और राजस्थान से 1760 करोड़ रुपये से ज्यादा की जब्ती की गई है।

जबकि 2018 में इन्हीं राज्यों से 239.15 करोड़ रुपये की जब्ती हुई थी। इससे पहले गुजरात, हिमाचल, नगालैंड, मेघालय, त्रिपुरा और कर्नाटक में चुनाव आयोग ने 1400 करोड़ रुपये का बेहिसाब कैश जब्त किया था। यह पिछले चुनाव में जब्त किए गए कैश से 11 गुना था।

## फर्जी जीपीएस सिग्नल से विमानों को भटकाया जा रहा




**डीजीसीए ने भारतीय एयरलाइंस को चेताया**

**नई दिल्ली ,24 नवम्बर 2023 (ए)।**नागरिक उड्डयन नियामक ने सभी भारतीय एयरलाइंस के लिए एक सर्कुलर जारी किया है। यह सर्कुलर मिडिल ईस्ट के हवाई क्षेत्र में ग्लोबल नेविगेशन सैटेलाइट सिस्टम के जाम होने और स्पूफिंग के मामलों के संबंध में जारी किया गया है। सितंबर के अंत में, ईरान के पास कई कमर्शियल फ्लाइट अपने नेविगेशन सिस्टम के बंद हो जाने के बाद बीच यात्रा के दौरान अंधकार की स्थिति में आ गई थी। इस दौरान एक विमान बिना अनुमति के ही ईरानी हवाई क्षेत्र में पहुंच गया था।

पेशेवर पायलटों द्वारा बनाए गए ऑप्सग्रुप ने इस मुद्दे को उठाया है। जिसके बाद अब भारत सरकार भी इसे लेकर काफी सतर्क हो गई है। एविएशन की भाषा में इस तरह की घटनाओं को एयरक्राफ्ट स्पूफिंग कहते हैं। हृश्चह्यत्तह्श्वह्रश्च के मुताबिक, स्पूफिंग का खतरा सबसे ज्यादा उत्तरी इराक और अजरबैजान में है। उल्लेखनीय है कि मिडिल-ईस्ट में फर्जी तक्क्क सिग्नल भेजकर विमानों को भटकाए जाने की खबरें सामने आई थीं।

## श्रद्धा का अभी तक नहीं हुआ अंतिम संस्कार



» पिता कर रहे है इंतज़ार

» श्रद्धा वॉकर के हताश पिता आरत साद का इंतजार जारी है...

**नालासोपारा,24 नवम्बर 2023 (ए)।** दिल्ली समेत पूरे देश को हिलाकर रख देने वाली श्रद्धा वॉकर की हत्या के एक साल बाद भी उनके पिता को अभी तक श्रद्धा के शरीर का कोई अवशेष उन्हें नहीं मिला है। उनके पिता विकास वाकर ने अफसोस जताया कि लड़की चली गई। लेकिन एक साल बाद भी उसका अंतिम संस्कार नहीं हो पाया है।

वसई की 28 वर्षीय श्रद्धा की दिल्ली में उसके लिव-इन रिलेशनशिप बॉयफ्रेंड आफताब पुनावाला ने बेरहमी से हत्या कर दी। उसके शव को 35 टुकड़ों में काटकर गुडग़ांव के जंगल में फेंक दिया था।


आफताब को फांसी देने की मांग

श्रद्धा बहुत लाड़-प्यार से पली-बढ़ी, एक पिता के रूप में मैंने कभी उस पर उंगली नहीं उठाई। अपनी बेटी की दयनीय हालत देखकर मेरा मन बेचैन हो जाता है। उसके शव को टुकड़े-टुकड़े करके फेंक दिया गया था।

एक पिता के तौर पर मुझे ये कहते हुए दुख हो रहा है। हालांकि उन्होंने मांग की है कि इतना क्रूर कृत्य करने वाले आफताब पुनावाला को बिना कोई रहम दिखाए कड़ी सजा देकर फांसी पर लटकाया जाए। श्रद्धा की दादी ने गुहार लगाई है कि जितनी तकलीफ श्रद्धा को हुई, उतनी ही सजा आरोपी आफताब को भी दी जाए।

# कतर में मौत की सजा के खिलाफ भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों की अर्जी मंजूर,जल्द होगी सुनवाई

**नई दिल्ली ,24 नवम्बर 2023 (ए)।** भारत के 8 पूर्व नौसैनिकों की मौत की सजा के खिलाफ लगाई गई याचिका को कतर की अदालत ने स्वीकार कर लिया है। हालांकि, इस मामले में अब तक कतर या भारत सरकार की तरफ से कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, जल्द ही मामले में सुनवाई की तारीख भी तय की जाएगी। भारत सरकार ने करीब 15 दिन पहले नौसैनिकों की सजा के खिलाफ अपील की थी। इससे पहले विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने 9 नवंबर को अपील दायर करने की जानकारी दी थी। उन्होंने कहा था- भारत को इन सैनिकों से मुलाकात के लिए दूसरा कॉन्सुलर एक्सेस भी मिल गया है। भारत सरकार लगातार कतर के संपर्क में है। यह बेहद संवेदनशील मामला है।




बागची के मुताबिक- पूर्व नौसैनिकों के परिवारों की तरफ से सजा-ए-मौत के खिलाफ हायर कोर्ट में अपील दायर की जा चुकी है। कतर में जिन 8 पूर्व नौसेना अफसरों को मौत की सजा दी गई है उनमें कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश शामिल हैं।

# यात्रियों को बड़ी राहत,रेलवे ट्रैक से हटे किसान

**जालंधर ,24 नवम्बर 2023 (ए)।** रेल यात्रियों के लिए राहतभरी खबर है। रेलवे ट्रैक पर बैठे किसान धरने से हट गए हैं और रेलवे ट्रैक सुचारू रूप से चालू हो गया है। किसानों ने मुख्यमंत्री भगवंत मान से मिलने के आश्वासन के बाद रेलवे ट्रैक से हटने का फैसला लिया। सीएम से बैठक के लिए आठ किसान नेता चंडीगढ़ पहुंचे हैं। दरअसल गन्ने का रेट बढ़ाने और दूसरी मांगों को लेकर 4 दिन से किसान लुधियाना की तरफ जाते वक्त क्क्क चौक से कुछ दूरी पर धन्नोवाली में नेशनल हाईवे को बंद करके बैठे हैं। हाईवे जाम होने से सैकड़ों लोग परेशान हैं। उल्लेखनीय है कि रेलवे ट्रैक जाम होने के बाद शताब्दी एक्सप्रेस को फगवाड़ा और आम्रपाली एक्सप्रेस को जालंधर में ही रोका गया था। इसके बाद अन्य ट्रेनों को जो कि दिल्ली, पानीपत, अंबाला, लुधियान की ओर जा रही हैं उन्हें नकोदर से फगवाड़ा के रूट से डायवर्ट किया गया था। हालांकि अब रेल नेटवर्क सुचारू हो गया है।

## नामी होटल के डेटा में लगी सेंध



**खतरे में करीब 15 लाख ग्राहकों की निजी जानकारी**

**नई दिल्ली,24 नवम्बर 2023 (ए)।**रिपोर्ट के अनुसार टाटा के स्वामित्व वाले ताज होटल में हाल ही में हुए डेटा लीक मामले में लगभग 1.5 मिलियन लोगों की निजी जानकारी में सेंध लग गई है।

ताज ग्रूप चलाने वाली इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आई एच सी एल) के प्रवक्ता ने कहा, अपराधी, जिसे 'डैनकुकीज' के नाम से जाना जाता है, वह संपूर्ण डेटासेट, पते, सदस्यता आईडी, मोबाइल नंबर और अन्य व्यक्तिगत पहचान योग्य जानकारी (पीआईआई) के लिए 5,000 डॉलर का अनुरोध कर रहा है। हमें किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में अवगत कराया गया है जो सीमित ग्राहक डेटा सेट के कब्जे का दावा कर रहा है जो गैर-संवेदनशील प्रकृति का है। हमारे ग्राहकों के डेटा की सुरक्षा हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

प्रवक्ता ने कहा, हम इस दावे की जांच कर रहे हैं और संबंधित अधिकारियों को सूचित कर दिया है। हम अपने सिस्टम की निगरानी करना जारी रखते हैं। हालांकि, दिल्ली पुलिस ने अभी तक पुष्टि नहीं की है कि उन्हें ताज समूह से कोई शिकायत मिली है या नहीं।

# सुरंग में फंसे 41 श्रमिकों के लिए लाइफलाइन बनीं ये तीन पाईपें

**आस को मिली सांस**

**उत्तरकाशी,24 नवम्बर 2023 (ए)।** सिलक्यारा सुरंग में 13 दिनों से कैद रहने वाले 41 श्रमिकों को चार इंच, छह इंच और 32 इंच के पाइप लाइफ लाइन बनी है, जिससे आस और उम्मीदों को सांस मिली है। सुरंग में फंसी जिंदगी बचाने के लिए खोज बचाव टीम निरंतर अभियान में जुटी हुई है। श्रमिकों तक सकुशल निकालने और उनतक प्राणवायु, रसद व अन्य सामग्री पहुंचाने के कई प्रयास हुए हैं। इन्हीं प्रयासों के चलते श्रमिक सकुशल रहे हैं। सुरंग के अंदर जिंदगी को सांस पहुंचाने का पहला प्रयास 12 नवंबर की रात्रि को हुआ। इसी दिन सुबह सुरंग में भूस्खलन हुआ था।



सुरंग में फंसे फोरमैन गब्बर सिंह नेगी अपने साथियों को बचाने के लिए सुरंग के अंदर से पानी निकासी का पंप चलाया। इस संकेत से सुरंग के बाहर खड़ी रेस्क्यू टीम को पता चला कि सुरंग के अंदर मौजूद श्रमिक जिंदा है। इस चार इंच व्यास के जरिए श्रमिकों ने बाहर आवाज लगाने का प्रयास किया। पाइप पर हल्की आवाज आई तो यही पाइप खोज बचाव टीम संवाद का माध्यम बनी। इसी पाइप के जरिये की सुरंग के अंदर 41 श्रमिकों के फंसे होने की संख्या भी सामने आई। खोज बचाओ अभियान टीम ने लाइफ लाइन बने इसी पाइप से ऑक्सीज और रसद पहुंचाई।

## सुप्रीम कोर्ट ने आप नेता सत्येन्द्र जैन की अंतरिम जमानत 4 दिसंबर तक बढ़ाई

**नई दिल्ली ,24 नवम्बर 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत दर्ज एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत देने के अपने आदेश को शुक्रवार को चार दिसंबर तक बढ़ा दिया। जैन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी ने न्यायमूर्ति बेला एम. त्रिवेदी और न्यायमूर्ति एस.सी. शर्मा की पीठ को अवगत कराया कि मामला 28 नवंबर के बाद न्यायमूर्ति ए.एस. बोपन्ना की अध्यक्षता वाली विशेष पीठ के समक्ष सूचीबद्ध दिखाया गया है। इस पर सुनवाई करते हुए दो जजों की विशेष पीठ में शामिल जस्टिस त्रिवेदी ने कहा कि जमानत याचिका पर 5 दिसंबर को सुनवाई हो सकती है। अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एस.वी.राजू की अनुपलब्धता को देखते हुए पीठ ने उक्त तिथि पर मामले की सुनवाई 4 दिसंबर को तय की।इसने स्पष्ट किया कि विशेष पीठ उस दिन जस्टिस बोपन्ना और त्रिवेदी वाली पीठों का सामान्य कार्य समाप्त होने के बाद एकत्रित होगी।

# 5 शहीदों को दी गई श्रद्धांजलि

» चेक देने पहुंचे मंत्री जब फोटो खिंचवा रहे थे तो शहीद की मां बोलीं- प्रदर्शनी मत लगाओ

**राजौरी,24 नवम्बर 2023 (ए)।** कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय के साथ पहुंचे लोग शहीद शुभम की मां को चेके देते हुए तस्वीर खिंचवाने लगे। तब बेटे की शहादत के गम में डूबी मां ने बिलखते हुए कहा- प्रदर्शनी मत लगाओ। बता दें शहीद कैप्टन की मां ने विलाप करते हुए बताया शहीद सचिन की शादी तय थी।



विदित हो कि राजौरी के बाजीमल में 22 नवंबर से 36 घंटे तक चली मुठभेड़ में सेना के 5 जवान भी शहीद हुए। इन्हें आर्मी जनरल हॉस्पिटल में श्रद्धांजलि दी गई।

बताते हैं कि सचिन की शहदात से पहले उनकी अपने भाई से बात हुई थी। उन्होंने कहा था कि बड़ा ऑपरेशन है, पूरा होने के बाद घर आऊंगा।

अलीगढ़ के सचिन लौर का पार्थिव शरीर शुक्रवार को टप्पल स्थित उसके गांव लाया गया। सचिन लौर सिर्फ 24 साल की उम्र में शहीद हो गए। उन्होंने 20 मार्च 2019 को आर्मी जॉइन की थी। वे पैराटू पर थे। कैबिनेट मंत्री योगेंद्र उपाध्याय ने शहीद के परिजन से मुलाकात कर सांत्वना दी। उन्होंने कहा- शहीद के परिजन को सरकार की तरफ से 50 लाख की सहायता राशि दी गई है।

परिवार में से किसी एक सदस्य को सरकार नौकरी देगी। इसके साथ ही शहर की एक सड़क का नाम शहीद के नाम पर रखा जाएगा। पैतृक गांव में शुभम गुप्ता के नाम पर स्मारक भी बनवाया जाएगा।

**मुठभेड़ में 5 जवान शहीद**

➡कैप्टन एम वी प्रांजल, (63 राष्ट्रीय राइफल्स), कर्नाटक के मंगलोर के निवासी।

➡कैप्टन शुभम गुप्ता (9 पैरा) उत्तर प्रदेश के आगरा के निवासी।

➡हवलदार अब्दुल माजिद, जम्मू-कश्मीर के पुंछ के निवासी।

➡लांस नायक संजय बिष्ट, उत्तराखंड के नैनीताल के निवासी।

➡पैराटू पर सचिन लौर, उत्तर प्रदेश के अलीगढ़ के निवासी।

# भारतीय सैन्य अधिकारी का बड़ा खुलासा

» राजौरी-पुंछ में दर्जनों आतंकी सक्रिय, आतंकियों में रिटायर्ड पाक सैनिक भी शामिल

**जम्मू,24 नवम्बर 2023 (ए)।** सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने शुक्रवार को कहा कि पाकिस्तान विदेशी आतंकवादियों को जम्मू-कश्मीर में घुसपैठ कराने का प्रयास कर रहा है। उन्होंने कहा कि आतंकवादी संगठनों में पाकिस्तान के



सेवानिवृत्त सैनिकों की मौजूदगी है। द्विवेदी ने बुधवार और बृहस्पतिवार को राजौरी जिले के धर्मसाल क्षेत्र के बाजीमाल इलाके में आतंकवादियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए दो कैप्टन सहित पांच सैन्यकर्मियों को श्रद्धांजलि देने के बाद यह टिप्पणी की। मुठभेड़ के दौरान सुरक्षा बलों ने अफगानिस्तान में प्रशिक्षित और पाकिस्तान निवासी शीर्ष लश्कर कमांडर क्वारी सहित दो आतंकवादियों को मार गिराया। लेफ्टिनेंट जनरल ने संवाददाताओं से कहा कि एक साल के भीतर दो दर्जन से अधिक विदेशी आतंकवादियों का क्षेत्र से सफाया करने के लिए राजौरी और पुंछ के सीमावर्ती जिलों में अभियान तेज कर दिया गया है। कमांडर ने कहा कि दो खूंखार विदेशी आतंकवादियों का मारा जाना क्षेत्र को अस्थिर करने की पाकिस्तान की साजिश के लिए एक बड़ा झटका है। आतंकवादियों के बीच पाकिस्तान के कुछ विशेष बलों के जवानों की मौजूदगी के बारे में पूछे जाने पर लेफ्टिनेंट जनरल ने कहा, ''जब हमने आतंकवादियों की पहचान करने की कोशिश की, तो हमें पता चला कि उनमें से कुछ (पाकिस्तानी सेना के) सेवानिवृत्त जवान हैं।''

# विधेयकों को अनिश्चितकाल तक लंबित नहीं रख सकते राज्यपाल

**एससी ने पंजाब सरकार की याचिका पर दिया बड़ा बयान**

**नई दिल्ली,24 नवम्बर 2023 (ए)।** सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब सरकार की याचिका पर कहा, राज्यपाल संवैधानिक शक्तियों से संपन्न होते हैं लेकिन वह उनका इस्तेमाल राज्य विधानमंडलों द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं कर सकते।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्यपाल बिना कार्रवाई के अनिश्चितकाल के लिए विधेयकों को लंबित नहीं रख सकते। न्यायालय ने यह भी कहा कि राज्य के गैर निर्वाचित प्रमुख के तौर पर राज्यपाल संवैधानिक शक्तियों से संपन्न होते हैं लेकिन वह उनका इस्तेमाल राज्य विधानमंडलों द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं कर सकते। प्रधान न्यायाधीश डी वाई चद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और



न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने कहा कि इस प्रकार की कार्रवाई संवैधानिक लोकतंत्र के बुनियादी सिद्धांतों के विपरीत होगी जो शासन के संसदीय स्वरूप पर आधारित है। पीठ ने पंजाब सरकार की एक याचिका पर अपने आदेश में कहा, ''राज्य के गैर निर्वाचित प्रमुख के तौर पर राज्यपाल संवैधानिक शक्तियों से संपन्न होते हैं। लेकिन इन शक्तियों का इस्तेमाल राज्य विधानमंडलों द्वारा कानून बनाने की सामान्य प्रक्रिया को विफल करने के लिए नहीं किया जा सकता।'' पीठ ने अपने आदेश में कहा कि अगर राज्यपाल किसी विधेयक को मंजूरी देने से रोकने का निर्णय लेते हैं तो उन्हें विधेयक को पुनर्विचार के लिए विधानमंडल के पास वापस भेजना होता है।

संविधान के अनुच्छेद 200 के मुताबिक, राज्यपाल के पास तीन विकल्प हैं या तो वह विधेयक पर सहमति प्रदान करना, सहमति रोकना और उस राष्ट्रपति के पास भेजना।

## संपादकीय

### गहलोत का दांव कितना कारगर होगा ?

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने 25 नवंबर को होने वाले मतदान से एक बड़ा दांव चला है। उन्होंने मंगलवार को एक कार्यक्रम में कहा कि राज्य की सभी दो सौ सीटों पर वे खुद चुनाव लड़ रहे है। उन्होंने कहा कि मतदाताओं को लोकल मामले पर ध्यान नहीं देना है और न यह देखना है कि कौन चुनाव लड़ रहा है। गहलोत ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री के रूप में जो काम किया है और जो नीतियां बनाई हैं, उनको ध्यान में रख कर लोग मतदान करें। यह पहली बार है, जब किसी मुख्यमंत्री ने यह कहा है कि सभी सीटों पर वह खुद चुनाव लड़ रहा है।

ध्यान रहे भारतीय जनता पार्टी ने अपना मुख्यमंत्री का दावेदार घोषित नहीं किया है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे पर लड़ रही है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी ने यह नहीं कहा कि हर सीट पर वे लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा का चेहरा कमल का निशान है। लेकिन गहलोत ने कहा कि हर सीट पर वे खुद लड़ रहे हैं। पता नहीं कांग्रेस आलाकमान ने उनकी इस बात को किस रूप में लिया है क्योंकि उसकी ऑथोरिटी को भी चुनौती है। राजनीतिक लिहाज से भी यह जोखिम वाला दांव है। गहलोत को ऐसा लग रहा है कि अपनी लोक लुभावन घोषणाओं पर बहुत ज्यादा यकीन है और साथ ही इस बात का भी भरोसा है कि उनके पिछड़ी जाति से होने की वजह से एक बड़ा वोट समूह उनके साथ जुड़ेगा। यह भी कहा जा रहा है कि विधायकों के प्रति स्थानीय स्तर पर बहुत नाराजगी है। उन्होंने उस नाराजगी को दूर करने के लिए भी अपने चेहरे पर वोट डालने की अपील की है।

## स्थायी समस्या का मौसमी समाधान

दिल्ली और उत्तर भारत के ज्यादातर शहरों में प्रदूषण की समस्या चिरस्थायी है। हर साल सर्दियों में आसमान में धूल और धुंध की काली चादर छाई रहती है। धीरे धीरे बहुत छोटे आकार के बेहद नुकसानदेह धूल कण यानी पीएम 2.5 हवा में बढ़ते जा रहे हैं। साथ ही नाइट्रोजन हाइड्रोऑक्साइड यानी एनओ2 की मात्रा भी बढ़ती जा रही है, जो इस बात का संकेत है कि गाड़ियों के धुएं से होने वाले प्रदूषण को कम करने की सारी कोशिशें नाकाम हो गई हैं। ऐसा नहीं है कि सर्दियों के अलावा साल के बाकी समय में दिल्ली और उत्तर भारत के शहर प्रदूषण से मुक्त होते हैं। तब हवा थोड़ी साफ जरूर रहती है लेकिन वह मौसम की वजह से होती है। बारिश या तेज हवाओं की वजह से छोटे छोटे धूल कण हवा में ऊपर उठ जाते हैं, लटके नहीं रहते हैं इसलिए उनका असर थोड़ा कम रहता है।

प्रदूषण की इस समस्या के कई पहलू हैं। हवा के साथ साथ पानी भी प्रदूषित है क्योंकि नदियों की सफाई नहीं होती है और शहरों में गिनती के वाटर ट्रीटमेंट प्लांट हैं, जिनसे समूची आबादी के लिए स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराना नामुमकिन है। रसायनिक खाद और कीटनाशक के इस्तेमाल से मिट्टी लगातार प्रदूषित होती जा रही है और खाद्य शृंखला भी प्रदूषित हो गई है। फूड चेन इतनी प्रदूषित हो गई है कि घरों में आने वाली सब्जियां हों या मांस-मछली, सब केमिकल से भरे हुए हैं। मरे हुए जानवरों की शरीर इतना जहरीला हो गया है कि उनका मांस खाकर कुत्ते पागल हो रहे हैं और शहरों-कस्बों में तांडव कर रहे हैं तो गिद्ध से लेकर कौओं तक की प्रजाति उन्हें खाकर समाप्त होती जा रही है। लेकिन हवा, पानी और खाद्य वस्तुओं में से किसी का प्रदूषण खत्म या कम करने के लिए कोई ठोस और दीर्घावधि की योजना नहीं बन रही है। प्रदूषण की चर्चा भी सिर्फ तभी होती है, जब सर्दियों में राजधानी दिल्ली के आसमान पर धूल और धुएं की परत चढ़ती है।

हर साल की सर्दियों की तरह अभी फिर दिल्ली की हवा जहरीली हो गई है। लोगों का दम घुट रहा है। अस्पतालों में सांस की बीमारी वाले मरीजों की संख्या बढ़ने लगी है। जो सक्षम हैं वे दिल्ली से बाहर के अस्थायी ठिकानों पर चले गए हैं या जाने वाले हैं। सरकारें सक्रिय हो गई हैं और न्यायपालिक का भी मौखिक हथौड़ा चलने लगा है। लग रहा है जैसे यह सबसे बड़ी समस्या है, जिसका समाधान इस बार निकल कर रहेगा और अगर नहीं निकला तो जैसा कि सर्वोच्च अदालत ने कहा है, उसका बुलडोजर चलेगा और कई दिनों तक नहीं रूकेगा। लेकिन हकीकत यह है कि यह सब कुछ हर साल होता है। हर साल सर्दियों में वायु प्रदूषण बढ़ने पर पुरानी गाड़ियों के दिल्ली में आने पर पाबंदी लगती है, पटाखों पर लगाई गई अदालती रोक को नए फैसले के जरिए दोहराया जाता है, पानी का छिड़काव शुरू होता है, बच्चों के स्कूल बंद कर दिए जाते हैं, वर्क फॉम होम के लिए कहा जाता है और पार्टियां एक दूसरे के ऊपर आरोप लगाती हैं। इतने में दो महीने बीत जाते हैं और फिर इसके साथ ही प्रदूषण से हर साल होने वाली मौसमी लड़ाई समाप्त हो जाती है। इसके बाद पूरे साल कुछ नहीं किया जाता है। यह हर साल की कहानी है।

दिल्ली और समूचे राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र यानी एनसीआर में प्रदूषण के तीन मुख्य स्रोत हैं। पहला, पड़ोसी राज्यों में धान की फसल कटने के बाद उसके डंठल यानी पराली को जलाना। दूसरा, गाड़ियों का धुआं और तीसरा, उद्योग व निर्माण कार्यों से होने वाला प्रदूषण और सड़क किनारे पड़ा कचरा। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों की बेंच ने दिल्ली और एनसीआर के प्रदूषण पर सुनवाई करते हुए पंजाब, हरियाणा और उत्तर प्रदेश तीनों राज्यों को पराली जलाने पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिया। सर्वोच्च अदालत ने पंजाब को लेकर खासतौर से नाराजगी जताई। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने दिल्ली के लोगों को भरोसा दिलाया था कि पंजाब में उनकी सरकार बन गई तो वे पंजाब में पराली जलाने पर रोक लगा देंगे और दिल्ली के लोगों को स्वच्छ हवा उपलब्ध कराएंगे। लेकिन अब जबकि दिल्ली की हालात पहले से भी खराब हो गए है तो केजरीवाल और उनकी पूरी सरकार हरियाणा व उत्तर प्रदेश और केंद्र सरकार पर आरोप लगाने में जुट गई है।

**-अजीत द्विवेदी-**

# स्थानीय आरक्षण की बहस क्या अब खत्म होगी ?

हरियाणा में स्थानीय लोगों के लिए निजी क्षेत्र की नौकरियों में 75 फीसदी सीटें आरक्षित करने के राज्य सरकार के कानून को पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट ने रद्द कर दिया है। हाई कोर्ट ने इस ममले में बहुत स्पष्ट और दो टूक फैसला सुनाया है। पहले 2022 में भी अदालत ने इस कानून पर रोक लगा दी थी लेकिन तब मामला सुप्रीम कोर्ट में पहुंच गया था और सर्वोच्च अदालत ने हाई कोर्ट को निर्देश दिया था कि वह विस्तार से सुनवाई करके गुण-दोष के आधार पर इस कानून के बारे में फैसला सुनाए। सो, हाई कोर्ट के दो जजों की बेंच ने विस्तार से यह मामला सुना और 83 पन्नों का फैसला लिखा। अदालत ने संविधान के कई अनुच्छेदों के हवाले से इस कानून को भेदभाव वाला बताते हुए खारिज कर दिया। बिल्कुल इसी तरह आंध्र प्रदेश सरकार ने भी स्थानीय लोगों के लिए 75 फीसदी आरक्षण का कानून बनाया था। उस पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की टिप्पणी थी कि यह कानून असंवैधानिक हो सकता है। लेकिन गुण-दोष के आधार पर उसके बारे में अंतिम फैसला नहीं आया है। कई और राज्यों में सरकारें इस तरह के कानून की तैयारी कर रही हैं क्योंकि सत्तारूढ़ दलों ने चुनाव प्रचार के दौरान ऐसा वादा किया हुआ है। तभी पंजाब व हरियाणा हाई कोर्ट के फैसले के बाद यह सवाल उठता है कि क्या अब स्थानीयता के आधार पर निजी क्षेत्र की नौकरियों में आरक्षण देने की बहस स्थायी तौर पर समाप्त हो जाएगी?

असल में हरियाणा की भाजपा सरकार को समर्थन दे रहे उप मुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला की पार्टी ने चुनाव में वादा किया था कि अगर उनकी पार्टी सरकार में आती है तो हरियाणा के स्थानीय युवाओं के लिए निजी क्षेत्र की कंपनियों में आरक्षण का कानून बनाएगी। 2019 के अंत में सरकार बनने के तुरंत बाद उप मुख्यमंत्री ने इस वादे को पूरा करने के लिए कानून बनाने की पहल की और एक साल पूरा होने पर नवंबर 2020 में कानून बना दिया गया। इसमें प्रावधान किया गया कि निजी क्षेत्र में 30 हजार रुपए मासिक वेतन से कम वाली नौकरियों में 75 फीसदी नौकरियां हरियाणा के स्थानीय लोगों के लिए आरक्षित की जाएंगी। मार्च 2021 में राज्यपाल ने इस बिल को मंजूरी दी और 2022 की जनवरी से यह कानून लागू हो गया।

हरियाणा सरकार के इस कानून के मुताबिक राज्य में काम करने वाली हर तरह की निजी संस्था को इसके दायरे में रखा गया। सिर्फ उद्योग नहीं हर तरह की कंपनियां, संस्थाएं, ट्रस्ट, पार्टनरशिप फर्म, जिनके कर्मचारियों की संख्या 10 या उससे ज्यादा है उनको इसके दायरे में रखा गया। इतना ही नहीं इस कानून की धारा छह में यह प्रावधान किया गया कि कंपनियों के लिए जरूरी होगा कि वे हर तीन महीने पर अपनी रिपोर्ट सरकार को जमा करें, जिसमें बताएं कि कितने स्थानीय लोगों को नौकरी दी गई। कानून की धारा आठ के तहत संबंधित अधिकारियों को अधिकृत किया गया कि वे कंपनियों से उनके रिकॉर्ड मांग कर चेक कर सकते हैं कि कंपनियां कानून का



पालन करके स्थानीय लोगों को नौकरी दे रही हैं या नहीं। कानून की धारा 20 के तहत यह प्रावधान किया गया कि 'अच्छी मंशा' से काम कर रहे किसी अधिकारी के खिलाफ इस मामले में कानूनी कार्रवाई नहीं शुरू की जा सकती है। कानून के प्रावधानों को देख कर पहली नजर में पता चल जाता है कि राजनीतिक या चुनावी वादा पूरा करने के लिए एक ऐसा कानून बनाया गया है, जिसे संविधान के दायरे में लागू करना मुश्किल होगा। पहली नजर में यह कानून संविधान के कई प्रावधानों के विरूद्ध दिखाई देता है। यह अवसर की समानता के सिद्धांत का उल्लंघन करता है। नागरिकों के समानता के सिद्धांत के खिलाफ दिखता है। भारत का संविधान देश के नागरिकों को देश के किसी भी हिस्से में जाकर नौकरी करने या रोजगार करने का अधिकार देता है। नागरिकों से यह अधिकार नहीं छीना जा सकता है। यह निजी उद्यमियों के अपने कारोबार के लिए योग्य लोगों को नियुक्त करने के अवसर को कम करता है।

इसी आधार पर हरियाणा सरकार के इस कानून को अदालत को चुनौती दी गई थी। फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन और राज्य के अन्य उद्योग समूहों ने इस कानून को चुनौती दी। कानून के विरोध में याचिका देने वालों का कहना था कि यह कानून कर्मचारियों के संवैधानिक अधिकारों का उल्लंघन है। उन्होंने यह दलील भी दी थी कि निजी सेक्टर की नौकरियां पूरी तरह से योग्यता, कौशल और काम को समझने की क्षमता के आधार पर दी जाती हैं। उसमें धरती पुत्र के नाम पर आरक्षण करने से कंपनियों या उद्योगों का काम प्रभावित होगा। उद्योग समूहों का यह भी कहना था कि निजी सेक्टर में क्षेत्र के आधार पर आरक्षण देना संविधान की संघीय भावना के विपरीत होगा। दूसरी ओर राज्य सरकार का कहना था कि संविधान में ही इस बात का प्रावधान है कि अगर सरकार को लगता है कि कोई खास समूह पिछड़ा है और नौकरियों में उसका पर्याप्त प्रतिनिधित्व नहीं है तो नौकरियों में समानता के सिद्धांत के बावजूद वह आरक्षण की व्यवस्था कर सकती है।

दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद हाई कोर्ट ने कानून के कई प्रावधानों का हवाला देते हुए कहा कि यह कानून इंस्पेक्टर राज की बहाली का रास्ता बनाता है। अदालत ने यह भी कहा कि इस कानून के जरिए राज्य सरकार निजी सेक्टर की कंपनियों में नियुक्ति पर अपना संपूर्ण नियंत्रण चाहती है। इस आधार पर अदालत ने इस कानून को रद्द कर दिया। हालांकि यह मामला यही पर समाप्त नहीं होगा। राज्य सरकार इस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देगी। लेकिन हकीकत यह है कि हरियाणा सरकार की चुनौती मेरिट पर नहीं होगी, बल्कि अपना चेहरा बचाने के लिए होगी। चूंकि सत्तारूढ़ गठबंधन के एक दल ने मतदाताओं से वादा किया था कि वह उनके लिए तीन-चौथाई नौकरियां आरक्षित कराएगा इसलिए उसकी मजबूरी है कि वह सर्वोच्च अदालत तक यह मामला ले जाए ताकि लोगों के बीच यह संदेश जाएगा कि पार्टी ने वादा किया था तो उसे पूरा करने का प्रयास भी किया। हालांकि वादा करने वाली पार्टी को भी पता है कि उसका वादा तर्कसंगत नहीं है। संविधान के अनुकूल नहीं है और न प्रतिस्पर्धा के मौजूदा दौर में निजी उद्यमों के लिए अच्छा है।

यह समझने की जरूरत है कि कंपनियां या उद्योग समूह राजनीतिक दलों के वादे पूरे करने का माध्यम नहीं बन सकती हैं। उनको अगर प्रतिस्पर्धा में टिके रहना है तो योग्य, कुशल व सस्ता मजदूर या पेशेवर चाहिए। यह सिर्फ हरियाणा का मामला नहीं है। किसी भी राज्य में कंपनियों या उद्योग समूहों को अगर देश के पिछड़े राज्यों, जैसे बिहार, पश्चिम बंगाल, ओडिशा, झारखंड, राजस्थान, उत्तर प्रदेश आदि से सस्ते और कुशल मजदूर मिल रहे हैं तो वह क्यों आरक्षण की नीति के तहत स्थानीय युवाओं को नियुक्ति करेंगे? तीन चौथाई स्थानीय युवकों को नियुक्त करने का एक नुकसान यह भी है कि वहां वे संगठित होकर प्रबंधन के ऊपर दबाव बना सकते हैं, जिससे कंपनियों के लिए स्वतंत्र फैसला करना मुश्किल हो जाएगा। मजबूरी में अकुशल लोगों को भी बनाए रखना होगा। तभी आंध्र प्रदेश से लेकर हरियाणा तक निजी सेक्टर में स्थानीय लोगों के लिए आरक्षण के कानून का विरोध हुआ है।

**-अजीत द्विवेदी-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

# रेलवे द्वारा ट्रेन में हाकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी

**» फेरीवालों को ट्रेन में सवार होकर खाद्य व अन्य सामग्री बेचने के लिए लाइसेंस देने पर विचार**

**» ट्रेन में हॉकर्स को लाइसेंस देने के पहले यात्रियों की सुरक्षा स्वास्थ्य परेशानी और सुवधाओं को रेखांकित करना जरूरी**

वैश्विक स्तरपर कोरोना महामारी के भयंकर प्रसार के बीच भारतीय केंद्रीय वित्त बजट में हॉकर्स के लिए बिना किसी जमानत या गारंटी



**किशन सनमुखदास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

के लोन की घोषणा की गई थी उसके बाद बजट 2023 में भी हाकर्स के लिए प्लान थे जिसके फायदे अनेकों हॉकर्स ने लिए और लेना चालू भी है परंतु जिस तरह मीडिया में 28 नवंबर 2023 को रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर ऑफर्स लगाने की बात मीडिया से छान छान कर आ रही है, उससे ऐसा लग रहा है कि अब रेलवे विभाग ट्रेन में हॉकर्स को खाद्य सामग्री बेचने के लिए लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। बता दे,पहले फेरीवाले रेलवे स्टेशनों पर और ट्रेन में सवार होकर स्थानीय उत्पाद बेचते थे, जिनमें ज्यादातर खाने-पीने का सामान होता था। हालांकि, वे रजिस्टर्ड नहीं थे और सुरक्षा और स्वच्छता दोनों चिंताएं जुड़ी हुई थीं. रेलवे ने उन्हें हटाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान भी चलाया जिससे उनका ट्रेन में चढ़ना और यहां तक कि स्टेशन पर भी घूमना मुश्किल हो गया था। परंतु अभी रेलवे का मुंबई जोन में लोकल ट्रेनों में खान-पान का सामान बेचने का लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है, जो अभी फिलहाल दो हज़ार को दिया जाएगा जिसमें पड़ हज़ार होकर लोकल ट्रेनों में जबकि पांच सौ होकर लंबी दूरी की ट्रेनों में 3 साल की अवधि तक बेचने की अनुमति होगी। अब सवाल उठता है कि ट्रेनों में इतनी भारी भीड़ के बावजूद फेरीवालों को लाइसेंस देना चुनौती पूर्ण कार्य है। हालांकि रेलवे को इससे बड़ा लाभ होगा, एक और स्त्रोत खुलेगा परंतु यात्रियों और यात्रियों की परेशानियों को ध्यान में रखना जरूरी है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे ट्रेन में हॉकर को लाइसेंस देने के पहले यात्रियों की सुरक्षा स्वास्थ्य परेशानी और सुविधाओं को रेखांकित करना जरूरी है।

साथियों बात अगर हम मुंबई में लंबी दूरी की ट्रेनों, लोकल ट्रेनों में फेरीवालों को लाइसेंस देने पर विचार करने की करें तो, मुंबई में अब भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में हक से सामान बेचेंगे हॉकर्स, रेलवे बना रही ये योजना, हॉकर्स को इन ट्रेनों में सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक ही सामान बेचने की अनुमति होगी, जबकि लोकल ट्रेनों में खान-पान का सामान भी मिलेगा और समय की कोई सीमा नहीं



होगी।स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रण करने के लिए स्टॉल्स और रेलवे के दफ्तरों को शिफ्ट करने वाली मध्य रेलवे जल्द ही भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में सामान बेचने के लिए हॉकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। जल्द ही मुंबई की लोकल ट्रेनों में चाय, समोसे और कटी हुई सब्जियां बेचते हुए लाइसेंसधारी हॉकर्स नजर आएंगे। इसके लिए 28 नवंबर के दिन रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर बोलियां लगाई जाएंगी। एक अधिकारी ने बताया कि गैर यात्री किराया के तहत राजस्व प्राप्त करने के लिए यह योजना लाई जा रही है। इन्हें मुंबई डिविजन में ही सामान बेचने की अनुमति दी जाएगी। उपगनरीय और गैर उपनगरीय ट्रेनों के लिए अलग से बोलियां लगाई जाएंगी। हॉकर्स को 3 साल तक सामान बेचने की मंजूरी मिलेगी। गैर उपनगरीय ट्रेनों में खान-पान का सामान बेचने की अनुमति नहीं होगी।, कहीं स्टेशन न बन जाएं हॉकर्स जोन,रेलवे की ओर से हॉकर्स की संख्या निर्धारित की गई है। इस तरह की संख्या बीएमसी द्वारा भी तय की गई है लेकिन मुंबई में लाइसेंसधारी हॉकर्स से करीब 20 गुना ज्यादा हॉकर्स हैं, इन पर अब बीएमसी का भी नियंत्रण नहीं है। पिछले कुछ सालों से मुंबई में हॉकर्स जोन बनानी की मांग हो रही है ऐसे में रेलवे स्टेशनों पर हॉकर्स को लाइसेंस देने के बाद ट्रेनों में और स्टेशनों पर हॉकर ज़ोन बनने की आशंका जताई जा रही है। बता दें लोकल ट्रेन को मुंबई की धड़कन कहा जाता है। सुबह और शाम के समय लोकल में सफर करना किसी चुनौती से कम नहीं होती है। डिब्बे में सांस लेने तक की जगह न होने के बावजूद कई बार कुछ लोग आपको सामान बेचते मिल जाएंगे। हालांकि इन हैंकरों को सामान बेचने की इजाजत नहीं होती लेकिन अब रेलवे लोकल में हॉकर्स को लाइसेंस देने की योजना बना रही है। इस बीच मुंबई लोकल में खाना बेचने और परोसने का विडियों यानी चलता फिरता रेस्टोरेट का विडियों भी आ गया जो सबको हैरान कर रहा है।

साथियों बात अगर हम लोकल ट्रेनों, स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने की करें तो, लोकल स्टेशनों पर भीड़ नियंत्रित करने के मकसद से रेलवें ने कई स्टेशनों से स्टॉल्स और रेलवे के दफ्तरों को हटा दिया दिया है। भीड़ कम करने के मकसद यह कदम उठाने वाली मध्य रेलवे अब जल्द ही भीड़ भरी लोकल ट्रेनों में सामान बेचने के लिए हॉकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट पर 28 नवंबर को इसके लिए बोलियां लगाई जाएंगी। इसके तहत रेलवे राजस्व बढ़ाना चाह रही है।

साथियों बात अगर हम सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर मुंबई की लोकल ट्रेनों में एक चलता फिरता रेस्टोरेंट की चर्चा करें तो, लाइसेंस दिए जाने के पहले ही मुंबई की लोकल में एक चलता फिरता रेस्टोरेंट इस समय सोशल मीडिया में खूब चर्चा में है। मुंबई की लोकल में दो लड़कों ने मुंबई लोकल में चलता फिरता रेस्टोरेट ही खोल दिया।सोशल मीडिया में इन लड़कों द्वारा शेयर किये गए वीडियो में दोनों ने एक लोकल ट्रेन के डिब्बे में एक छोटी सी फोल्डिंग टेबल लगाई और उसे कपड़े से ढक दिया। इसके बाद उन्होंने बाकायदा यात्रियों को मेन्यू दिया। जैसा कि वीडियो में देख सकते हैं कि इसके बाद उन्होंने यात्रियों को केचप के साथ मैगी और अजवायन के साथ जलेबी परोसी। चलते फिरते इस रेस्टोरेट का नाम टेस्टी टिकट दिया गया।सोशल मीडिया में वाहवाही बटोर रहे इस वीडियों ने आम यात्रियों हैरान कर दिया है। यात्रियों का कहना है कि लोकल में हैंकर्स को लाइसेंस देने के पहले यह माहौल बनाने वाली वाहवाही है। लेकिन इससे लोकल में चलने वाले लोगों को भारी परेशानी होगी, गंदगी भी होगी, क्योंकि लोकल के डिब्बों में खड़े होने तक की जगह नहीं होती, हैकर्स बिना डर के डिब्बों में आएंगे।यात्रियों को आशंका है कि डिब्बे हॉकर्स जोन बन जाएंगे। हॉकर्स की भीड़ यहां सबकुछ बेचगी। जो यात्रियों की सुरक्षा, स्वस्थ्य और सुविधा के लिए खतरनाक साबित होगा।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि रेलवे द्वारा ट्रेन में हाकर्स को लाइसेंस देने की तैयारी।फेरीवालों को ट्रेन में सवार होकर खाद्य व अन्य सामग्री बेचने के लिए लाइसेंस देने पर विचार।ट्रेन में हॉकर्स को लाइसेंस देने के पहले यात्रियों की सुरक्षा स्वास्थ्य परेशानी और सुविधा को रेखांकित करना जरूरीहै

# ये चुनाव भी 24 बाद की बिसात!

मैं हैरान हूं। क्या अमित शाह, नरेंद्र मोदी या राहुल गांधी सभी भारत में राजनीति मिटा कर देंगे? भाजपा और कांग्रेस जैसी कथितपार्टियां पूरी तरह सर्वेयर टीमों की कठपुतलिया होगी? कोई न माने इस बात को लेकिन नोट रखे कि 2024 में नरेंद्र मोदी के तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के साथ भाजपा, संघ परिवार के नेता और कार्यकर्ता हर तरह से निराकार होंगे। इनकी राजनीति हर तरह से सर्वे एजेंसियों से डिक्टेट होगी। नेता केवल पैसा कमाएंगें, प्रधानमंत्री बनने के लिए बीस-तीस हजार करोड रू इकट्ठे करेंगे और फिर सर्वेयर एजेंसियों को ठेके दे कर चुनाव लड़ेगे। सत्ता और पद पाएगें तथा राजनीति की संगठनात्मक, विचारात्मक, जीवंतता खत्म।

ऐसे संभावी सिनेरियों का शुरूआती बिंदु मौजूदा विधानसभा चुनाव है। भाजपा का चुनाव पूरी तरह एक एएमआई एजेंसी से संचालित है। जो अकेले अमित शाह को रिपोर्ट करती है और उसकी ब्रीफिंग से फिर प्रदेश नेताओं, प्रदेश संगठन, वॉर रूमों, चुनावी रणनीति सबका हडका कर काम कराया जाता है।

हो सकता हूं मैं गलत हूं लेकिन चालीस साल कीसियासी आंखों देखी में आगे के ट्रेंड का लबोलुआब है कि मोदी-शाह ने 2023 के इन विधानसभा चुनावों को2024 के लोकसभा चुनाव के बाद की बिसात में ढाला है। इस भविष्यवाणी को नोट रखे कि विधानसभा चुनाव में कोई हारे-जीते अगला लोकसभा चुनाव वापिस नरेंद्र मोदी जीतेंगे। तब केंद्र में तीसरी बार सरकार के साथ बतौर मोदी के उत्तराधिकार में अकेले अमित शाह का सियासी कद होगा। तभी कल्पना करें यदि मौजूदा चुनावों में शिवराज सिंह चौहान, वंसुधरा राजे, रमन सिंह का चेहरा होता न कि नरेंद्र मोदी का तो हार-जीत के बावजूद क्या शिवराज और वंसुधरा का पार्टी में वजूद बना नहीं रहता? वे 24 के चुनाव बाद भी भाजपा के बड़े नेता बने रहते। मगर इस चुनाव में सबसे लंबे समय तक मुख्यमंत्री रहे शिवराज सिंह और अनुभवी महिला नेता के नाते वसुंधरा राजे की उपस्थिति नरेंद्र मोदी के बड़े चेहरे के आगे लुप्त होते हुए है। पिछले चार महिनों से इन पुराने नेताओं की अनुपयोगिता, अलोकप्रियता आदि का परस्पेशन बनवाते हुए मोदी-शाह ने राज्यों का चुनाव जैसे अपने हाथों में लिया है तो इससे चित और पट दोनों उनकी है। यदि भाजपा हारी तो ठिकरा शिवराज, वंसुधरा और रमनसिंह की करनियों पर। और यदि जीती तो नरेंद्र मोदी की वजह से और कांटे की फाइट हुई तो यह हल्ला कि मोदी-शाह नहीं होते तो इतना भी नहीं होता। कांग्रेस एकतरफा जीतती।

सो नोट रखे, नतीजों के बाद शिवराज, वंसुधरा, रमनसिंह एमएलए होते हुए भी हर्षवर्धन या उमा भारती की तरह हाशिए में, खत्म। भाजपा व संघ परिवार में उत्तर भारत के इन चेहरों का बतौर विकल्प हमेशा के लिए अर्थ खत्म।

लाख टके का सवाल है कि ऐसी बिसात बनी किस बहाने? सर्वे एजेंसी की रिपोर्टों से। मोदी-शाह द्वारा एएमआई एजेंसी का मनमाना उपयोग। जायज सवाल है कि नरेंद्र मोदी का अपना चेहरा दांव पर लगा कर विधानसभा चुनाव हराना भी तो रिस्की है? पर नहीं है। इसलिए क्योंकि यह हकीकत अपनी जगह है कि नरेंद्र मोदी का चेहरा बतौर प्रधानमंत्री उत्तर भारत के हिंदुओं में अवतार माफिक है। विधानसभा में लोग भले कांग्रेस को वोट दें लोकसभा चुनाव में नरेंद्र मोदी का चेहरा ही वोट पाएगा।

इसलिए 2024 के लोकसभा चुनाव से ठिक पहले और बाद में मोदी के बाद केलिए तैयार होते प्रधानमंत्री चेहरे की राजनीति में सब बदल रहा है। मुझे नहीं लगता कि नरेंद्र मोदी अपने उत्तराधिकार में अमित शाह के लिए जमीन तैयार करते हुए होंगे। मेरी पुरानी थ्योरी है कि मोदी अपनी विरासत की इतिहासजन्यता के खातिर अपने आगे भी एक गुजराती को प्रधानमंत्री पद पर नहीं चाहेंगे। तथ्य यह भी है कि जब गुजरात में अमित शाह की नहीं चलने दी गई और यूपी की गर्वनर आनंदीबेन के करीबियों का वहा महत्व बना रहा और लखनऊ में उनकी छत्रछाया में योगी आदित्यनाथ लगातार मजबूत होते हुए है तथा खुद नरेंद्र मोदी भी उनके कंधों पर हाथ रखे हुए है तो 2024 के लोकसभा चुनाव बाद अपने आप योगी आदित्यनाथ के वारिस होने की धारणा मान्य होती जाएगी। यों भी योगी की पूरे देश में मोदी के बाद प्रचार के लिए सर्वाधिक मांग है। मौजूदा चुनाव में भी हर कोई योगी की सभा चाहते हुए है। हालांकि उम्मीदवारों की इस डिमांड पर वार रूम से समझाया जाता है कि सुरक्षा कारणों से योगीजी की सभाएं ज्यादा नहीं रखाई जा सकती। उधर लखनऊ में योगी के इर्दगिर्द उन्हे प्रधानमंत्री के रूप में देखने वाले प्रबंधकों की कमी नहीं है।

सो मोदी की विरासत के नाते उत्तर भारत में शिवराज, वसुंधरा, रमनसिंह के चेहरों का हाशिए में जाना बिसात का पहला चरण। दूसरा चरण लोकसभा चुनाव मेंकेंद्रीय मंत्रियों की छंटनी। राजनाथ सिंह संभवतया अपने बेटे को आगे करके रिटायर हो जाए वही नीतिन गड़करी स्वास्थ्य के चलते आउट। तीसरा चरण होगा नरेंद्र मोदी के तीसरे केबिनेट में पुरानों की जगह नए, नौजवान चेहरों को मौका। संभव है तब योगी आदित्यनाथ पर भी दिल्ली में अंहम जिम्मेवारी थोपी जाए।

मेरी इस भविष्यवाणी को नोट रखें कि जैसे इन विधानसभा चुनावों में एएमआई एजेंसी के सर्वेक्षणों के जरिए टिकट कटे, बंटे तथा धमाल हुए वैसे ही लोकसभा चुनाव के लिए भी सर्वे ऐसे होंगे जिनसे अधिकाधिक पुराने, सीटिंग सांसदों के टिकट कटे और वे नए चेहरे उम्मीदवार बने जिनका संघ या भाजपा के स्थापित मानदंडों में कोई अर्थ नहीं होता है। उसमें न योगी अपने लोगों के टिकट करा या बचा पाएंगे और न संघ पदाधिकारियों की चलेगी। तभी ये विधानसभा चुनाव भाजपा-संघ परिवार की राजनीति का एक टर्निंग प्वाइंट है। मेरा मानना है कि पार्टी-संगठन-नेता-कार्यकर्ता सब आउट और सबकुछ अब 2024 के बाद नरेंद्र मोदी की विरासत की उधेडबुन में सोचा जाता हुआ है। वैसे इस बुनियादी तथ्य को भी नोट रखें कि भाजपा ही नहीं, कांग्रेस और क्षेत्रिय पार्टियों में भी अब सत्ता की अंध दौड है और वह पूरी तरह सर्वयरों और कथित पेशेवर मैनेजरों, ठेकेदारों के नकली-खोखले चुनावी प्रबंधनों से संचालित है। तभी संभव है सन् 2024 में नरेंद्र मोदी की विरासत में भाजपा में वैसा ही सत्ता संघर्ष मुमकिन है जैसा हिंदू राजे-रजवाड़ों में हुआ करता था।

कितनी दूर की बात। मगर नोट करके रखिए।

**-हरिशंकर व्यास-**

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## जीवांत जीवन

बढ़ो गए जीवन में तो
उड़ते रहोगे जीवांत पक्षी की तरह
नहीं तो टूट कर बिखर जाओगी
किसी शाख के मुझराये पते की तरह।
जीवांत हो तो जीना पड़ेगा
सूर्य-चांद की तरह
नहीं तो पड़े रहोगे शमशान की
जली बुझी हुई राख की तरह।
जीवांत हो तो महकते रहोगे
किसी सुगंधित फूलों की तरह
नही तो मुझरा जाओगे
किसी टूटे बिखरे फूल की तरह।



**राजीव डोगरा**
जनयानकड़
कांगड़ा
हिमाचल प्रदेश

## नारी का कर लो सम्मान

रामायण की गाथा को
सदियों से हैं गा रहे
सीता हरण के कारण
हम दशहरा माना रहे
रावण दहन की परंपरा
बार बार दोहरा रहे
फिर भी नारी के अस्तित्व को
क्यों चीरते चले जा रहे
सबक रामायण का जाने क्यूं
जीवन मे सब नही ढालते
जान लो यह तुम दुनियां वालो
ज्ञानी का ज्ञान बेकार हुआ
जब भी नारी का अपमान हुआ
लंका का विनाश हुआ
रावण का सर्वनाश हुआ
याद रखो यह जग वालो
काम क्रोध तम के वश में
जीवन होता है बेकार
नारी का कर लो सम्मान
तुम नारी का करो सम्मान



**केशी गुप्ता**
द्वारका
दिल्ली

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## एक पड़ाव ढल गया है...

उम्र पल-पल घटती ही जा रही है
जैसे समय चलती ही जा रही है
दूसरा पड़ाव आरम्भ हो गया है
उम्र का एक पड़ाव ढल गया है
समय मे प्रयास अच्छे करने होंगे
जीवन मे काम अच्छे करने होंगे
जिंदगी तो ऐसे ही निकल गया है
उम्र का एक पड़ाव ढल गया है
इस जीवन को सार्थक बनाये
शुभकर्मन की खेती कर जाये
बचपने से आगे निकल गया है
उम्र का एक पड़ाव ढल गया है
रेत सी फिसलती यह जिंदगी
करते रहिये नियमित बन्दगी
डोर की ऐंठ भी तो जल गया है
उम्र का एक पड़ाव ढल गया है
तेरा मेरा सब चार दिनों का है
ये जीवन तो बस मिट्टी का है
प्राण है तो थोड़ा चल गया है
उम्र का एक पड़ाव ढल गया है
करो उद्यम की नाम हो जाये
जग के ही कुछ काम हो जाये
उम्र तो अब वैसे ही ढल गया है
उम्र का एक पड़ाव ढल गया है



**प्रमेशदीप मानिकपुरी**
धमतरी
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## तू जिद्द पर अड़ तो सही

खुल जाएंगे सभी रास्ते,
रूकावटों से लड़ तो सही,
सब हासिल होगा,
तू जिद्द पर अड़ तो सही।
सफलता तेरी कदम चूमेगी,
कड़ी मेहनत कर तो सही,
सब हासिल होगा,
तू जिद्द पर अड़ तो सही।
सपना तेरा जरूर सच होगा,
अपने अंदर जुनून
पैदा कर तो सही,
सब हासिल होगा,
तू जिद्द पर अड़ तो सही।
राहों में चुनौतियां आएंगी,
उन चुनौतियों से लड़ तो सही,
सब हासिल होगा,
तू जिद्द पर अड़ तो सही
लंबी है डगर,मंजिल मिलेगी मगर,
सब हासिल होगा,
अपने अंदर विश्वास
पैदा कर तो सही,
तू जिद्द पर अड़ तो सही।



**श्याम सुंदर साहू**
राजिम,
गरियाबंद
छत्तीसगढ़

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

**समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।**

# जबड़े के कैंसर का ऑपरेशन कर चिकित्सकों ने महिला की बचाई जान

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

मेडिकल कॉलेज अस्पताल के डॉक्टरों ने एक 30 वर्षीय महिला का जबड़े के कैंसर का सफल ऑपरेशन कर जान बचाई है। ऑपरेशन के बाद हालात में सुधार होने पर शुक्रवार को उसकी छुट्टी कर दी गई है। कोरिया जिले के चिरमिरी दफाई से सुमित्रा पति देवशरण 30 वर्ष पहुंची। महिला का मुंह नहीं खुल रहा था, जिससे उसे खाने-पीने में दिक्कत हो रही थी। मुंह के अंदरूनी हिस्से में बढ़ती पीड़ा को लेकर वह काफी परेशान थी। दंत रोग विशेषज्ञ सर्जन डॉ. अभिषेक हरीश ने महिला को भर्ती करके उसका जांच, इलाज शुरू किया। सिटी स्कैन कराने पर पता चला कि महिला के जबड़े व गाल से लगा एक हिस्सा पूरी तरह से गल गया है। इसकी जानकारी मेडिकल कॉलेज के डीन डॉ. रमनेश मूर्ति व अस्पताल अधीक्षक डॉ. आरसी आर्या को दी गई। मुंह के अंदर गले अपशिष्ट को जांच के लिए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर में भेजा गया। जांच में कैंसर की पुष्टि हुई। महिला के स्वजन की स्थिति ऐसी नहीं थी कि वे किसी अन्य चिकित्सालय में उपचार करा सके। इसके बाद महिला के स्वजन की सहमति से आवश्यक उपचार सुविधा उपलब्ध कराने के बाद ऑपरेशन की तैयारी की गई। 15 नवंबर को महिला का ऑपरेशन करके जबड़े के



गल चुके हिस्से को काटकर निकाला गया, जो अंदर ही अंदर वृहद रूप लेते आगे बढ़ रहा था। सफल ऑपरेशन दंत रोग विभाग की एचओडी डॉ. ऐश्वर्या सिंह के मार्गदर्शन में सर्जन डॉ. अभिषेक हरीश ने किया। डॉ. अभिषेक हरीश ने बताया कि महिला के जबड़े के एक हिस्से को काटकर अलग करने के कारण चेहरा विकृति लिया हुआ है। इसे सामान्य रूप देने के लिए 15 दिन बाद प्लास्टिक सर्जरी की जाएगी, ताकि वे खुद को असामान्य महसूस न करने पाए। ऑपरेशन के बाद फिलहाल उसकी छुट्टी कर दी गई है। प्लास्टिक सर्जरी करने के बाद उसे नवापारा के शहरी स्वास्थ्य केंद्र में निःशुल्क कीमोथेरेपी का लाभ दिलाया जाएगा।

### मरीज पूर्ण रूप से स्वस्थ

डॉ. अभिषेक हरीश ने बताया कि मरीज की स्थिति अब ठीक है। उसे ऑपरेशन के बाद चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया था। स्वस्थ होने पर मरीज को डिस्चार्ज कर दिया गया। उन्होंने बताया कि ऑपरेशन काफी जटिल था। फिर भी मरीज का ऑपरेशन कर जान बचाई गई है। डॉक्टर ने बताया कि मरीज ग्रामीण क्षेत्र का था और काफी गरीब परिवार से था। अगर यह ऑपरेशन निजी अस्पताल में कराता तो मरीज को दो लाख से ज्यादा का खर्च उठाना पड़ता। पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल में पूरी तरह निःशुल्क किया गया है।

# उत्तरी हवा के कारण ठंड में वृद्धि, न्यूनतम तापमान 10 डिग्री तक पहुंचा




- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छठ बीतते ही मौसम ने भी करवट लेनी शुरू कर दी है। जिले में कड़ाके ठंड की शुरुआत होने लगी है। शुक्रवार को दिन में तेज धूप होने के बावजूद भी दिन में भी ठिठुरन महसूस किया गया। वहीं शाम होते ही ठंड का असर ज्यादा हो गया। मौसम विज्ञानी के अनुसार उतर से आ रही शुष्क हवाओं के कारण सरगुजा संभाग में ठंड में वृद्धि हुई है। पिछल पांच दिन के अंदर न्यूनतम तापमान में 3 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। शुक्रवार का न्यूनतम तापमान 10.8 डिग्री व अधिकतम 26.6 डिग्री सेंटीग्रेट दर्ज किया गया है।

इसके अलावा शहर के कई जगहों पर फुटपाथ पर भी कंबल-रजाई की दुकानें सज चुकी है। ग्राहक अपने मनपसंद के कंबल व ऊनी गर्म कपड़े खरीद रहे हैं। शहर के रेडिमेड कपड़ा दुकानों सहित जगह-जगह फुटपाथ पर गर्म कपड़ों की दुकानें लगनी शुरू हो गई हैं। हालांकि अभी कड़ाके की ठंड पडनी अभी शुरू नहीं हुई है। इसके बावजूद भी लोगों ने गर्म कपड़े खरीदने शुरू कर दिए हैं। कई व्यापारी शहर के विभिन्न स्थानों पर कंबल, रजाई व अन्य गर्म कपड़ों की दुकान लगाकर बेचते हैं। व्यापारियों का कहना है कि पहले के मुताबिक रेट में 15-20 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इससे व्यापार पर भी असर पड़ा है। दिन में तेज धूप के कारण गर्मी का एहसास हो रहा है। वहीं शाम होते ही ठंड शुरू हो जा रही है, इसलिए लोग बीमार पड़ रहे हैं। विशेषकर बच्चे इस मौसम में सर्दी, खांसी व बुखार से पीड़ित हो रहे हैं।

# चोरी के 1 आरोपी को चौकी बसदेई पुलिस ने किया गिरफ्तार

- संवाददाता -
सूरजपुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

ग्राम सिरसी, चौकी बसदेई निवासी चन्द्रवती कुशवाहा ने चौकी बसदेई में रिपोर्ट दर्ज कराया कि लड़का संदीप घर में अण्डा चना का दुकान खोला था दिनांक 7 नवम्बर को गांव को भोलू यादव दुकान में आया था और घुमकर



देखा और चला गया, रात्रि में लड़का दुकान बंद करके सोने चला गया। दूसरे दिन दुकान जाने पर दुकान का दरवाजा खुला था दुकान में रखा गैस सिलेण्डर एवं चूल्हा नहीं था कोई अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया है। रिपोर्ट पर धारा 457, 380 भादसं. के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

चौकी बसदेई पुलिस ने मामले की विवेचना करते हुए संदेही भोलू यादव को पकड़ा। पूछताछ पर उसने बताया कि अपने साथी छत्तर के साथ मिलकर दुकान से गैस टंकी और चूल्हा को चोरी कर आपस में बांट लिए है, आरोपी भोलू यादव पिता भारत राम यादव उम्र 22 वर्ष ग्राम सिरसी, चौकी बसदेई के निशानदेही पर गैस सिलेण्डर बरामद कर उसे गिरफ्तार किया गया। मामले में छत्तर देवांगन फरार है जिसकी पतासाजी की जा रही है। इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी बसदेई विजय सिंह, प्रधान आरक्षक आनंद सिंह, आरक्षक देवदत्त दुबे, सुरेश साहू व निलेश जायसवाल सक्रिय रहे।

# हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से दो लड़कियां झुलसीं

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

शहर से लगे बिशुनपुर खुर्द क्षेत्र में शुक्रवार की दोपहर को घर के पास से गुजरे हाईटेंशन तरंगित तार की चपेट में आने से दो बालिकाएं झुलस गई। जिससे दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है। डायल 112 की मदद से दोनों को इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय रिया बिशुनपुर खुर्द गोरसीडबरा की रहने वाली है। इसके घर के पास बाड़ी से लगे हाईटेंशन तार गुजरा है। वहीं बाड़ी में कच्चे बांस हाइटेंशन तार के संपर्क में है। शुक्रवार की दोपहर



रिया बाड़ी की ओर गई थी। तभी वह खेल-खेल में तरंगित हाईटेंशन तार से सटे कच्चे बांस को पकड़ लिया। जिससे वह बांस में करंट प्रवाहित होने के कारण उससे चिपक गई। रिया को बांस से चिपका देखकर वहीं रहने वाली 19 वर्षीय निशा ने उसे बचाने का प्रयास किया तो वह भी करंट की चपेट में आ गई। आसपास के लोगों ने किसी प्रकार दोनों को बांस से अलग किया जिसके बाद इसकी सूचना डायल 112 को दी। सूचना पर आरक्षक अजय मिश्रा व चालक ललित द्वारा तत्काल बिशुनपुर पहुंचकर दोनों को मेडिकल कालेज अस्पताल पहुंचाया गया जहां दोनों की हालत गंभीर बनी हुई है।

# 26 नवम्बर को मनाया जाएगा संविधान दिवस

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

26 नवंबर 2023 को संविधान दिवस मनाया जाना है। इस संबंध में राज्य द्वारा विस्तृत दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। उल्लेखनीय है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मर्पित किया गया है। इस संबंध में राज्य द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुरूप वर्तमान में 9 अक्टूबर 2023 से राज्य में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है। 26 नवंबर, 2023 को संविधान दिवस के अवसर पर सभी शासकीय कार्यालयों, स्कूलों, महाविद्यालयों, संस्थानों, सार्वजनिक उपकमों के अधिकारियों कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा संसदीय कार्य मंत्रालय द्वारा संविधान की प्रस्तावना (उद्देशिका) के ऑनलाइन पाठन हेतु निर्मित वेब पोर्टल को ओपन कर भारतीय संविधान के ÷प्रस्तावना' को पढ़ा जाए, आमजन की सहभागिता हेतु इसका प्रचार-प्रसार किया जावे तथा ऑनलाईन क्वीज हेतु ीजजचेः//बवदेजपजनजपवदुनप्र.दपब.पद वेब पोर्टल का उपयोग किया जावे। जहां कम्प्यूटर तथा मोबाईल में इन्टरनेट की सुविधा उपलब्ध ना हो वहां पूर्व की भांति ऑफलाइन मोड में संविधान के प्रस्तावना का पाठन किया जावे। उक्त अवसर पर किसी भी तरह से आदर्श आचार संहिता हेतु जारी निर्देशों का उल्लंघन ना होने पर भी ध्यान देने निर्देशित किया गया है।

# मतगणना दिवस के लिए दो चरण में रखा गया है प्रशिक्षण

- संवाददाता -
सूरजपुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के लिए मतगणना केंद्र आई.टी.आई. भवन पर्री सूरजपुर में 17 नवंबर को चुनाव उपरांत होने वाली मतगणना दिवस 03 दिसम्बर के लिए जिले में विभिन्न कार्यालयों में कार्यरत अधिकारी, कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। जिसमें 85 गणना पर्यवेक्षक,85 गणना सहायक, 85 माइक्रो आब्जर्वर शामिल है। 23 से 24 नवंबर प्रथम प्रशिक्षण, 30 नवंबर से 1 दिसंबर तक द्वितीय प्रशिक्षण और 2 दिसंबर को मॉक ड्रिल रखा गया है।

# गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने पर 10 मितानिनों को किया गया सम्मानित

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

24 नवंबर को मितानिन सम्मान दिवस का आयोजन स्थानीय मंथन सभागार कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा अंबिकापुर में किया गया था। कार्यक्रम के अध्यक्षता डा आर एन गुप्ता मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सरगुजा ने का।मितानिन कार्यक्रम छत्तीसगढ़ में 22 वर्ष पूर्ण कर रहा है एवं उक्त कार्यक्रम के माध्यम से आम लोगों तक स्वास्थ्य विभाग की अनेक महत्वाकांक्षी योजनाएं आसानी से पहुंच रही है। मितानिन कार्यक्रम 22 वर्ष पूर्व जब प्रारंभ हुआ था तो शिशु मृत्यु दर एवं मातृ मृत्यु दर बहुत ज्यादा थी। लोगों के अंदर संस्थागत प्रसव एवं टीकाकरण के लिए जागरूकता की कमी थी। मितानिन कार्यक्रम का प्रथम कार्य मातृत्व एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाना था एवं उनके अथक प्रयास से अब 99 फीसदी प्रसव संस्थागत होता है जिससे शिशु मृत्यु दर और मातृ मृत्यु दर में कमी पाई गई है। कार्यक्रम में उपस्थित मितानिन समन्वयक श्रीमती रूबी, श्रीमती शशि



राजवाड़े, मितानिन एवं पार्षद श्रीमती गीता रजक के साथ शहरी क्षेत्र के समस्त मितानिन ट्रेनर एवं शहरी क्षेत्र के समस्त मितानिन बहन उपस्थित थी।

कार्यक्रम में गुणवत्ता पूर्ण कार्य करने हेतु 10 मितानिनों का सम्मान सीएमएचओ साहब के द्वारा किया गया एवं समस्त मितानिनो का आभार प्रकट किया गया।

अपने उद्बोधन में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉक्टर गुप्ता ने कहा की मितानिन कार्यक्रम अब सिर्फ मातृत्व शिशु कार्यक्रम तक सीमित नहीं है अब संचारी व गैर संचारी रोगों के रोकथाम में भी इनका बहुत बड़ा योगदान है। हाल में बीता हुआ कोरोना काल में कॉविड वारियर के रूप में मितानिन ने सफलतापूर्वक अपनी सेवाएं दी है जिसके लिए वे बधाई के पात्र है। उक्त कार्यक्रम में उक्त कार्यक्रम का संचालन शहरी कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर अमीन फिरदौसी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सिविल सर्जन डॉक्टर रेलवानी, डॉक्टर वाई के किंडो, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉक्टर पुष्पेंद्र राम, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नवापारा के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आयुष जायसवाल, शहरी सुपरवाइजर पांडे एवं श्री धनेश, संजय ठाकुर के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

# प्रशिक्षण मतगणना में बताई गई मतगणना की बारीकियां

- संवाददाता -
सूरजपुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 को सफलतापूर्वक एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजय अग्रवाल के निर्देशन में विधानसभा निर्वाचन 2023 के मतगणना के तैयारी एवं मतगणना की प्रक्रिया की जानकारी देने हेतु मतगणना कर्मियों एवं माइक्रो आब्जर्वर का प्रशिक्षण जिला पंचायत सूरजपुर के सभाकक्ष में आयोजित किया गया। जिसमें जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर श्री पी.सी. सोनी प्राचार्य द्वारा बताया गया कि निर्वाचन की प्रक्रिया में मतगणना का कार्य बेहद महत्वपूर्ण एवं संवेदनशील कार्य है। मतगणना का पूरा कार्य रिटर्निंग ऑफिसर के निर्देशन एवं निगरानी में होता है। जिला सूरजपुर के तीनों विधानसभा क्षेत्र - 04 प्रेमनगर, 05 भटगांव और 06 प्रतापपुर का मतगणना आईटीआई भवन पर्री सूरजपुर में दिनांक 03 दिसंबर को की जाएगी।




मतगणना केंद्र पर नियुक्त सभी गणना कर्मचारी, अभ्यर्थी, निर्वाचन अभिकर्ता, गणन अभिकर्ता को मोबाइल, इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस ले जाना निषेध है। मतगणना स्थल में प्रवेश के पूर्व सभी व्यक्तियों की सघन चेकिंग की जाएगी। मतगणना केंद्र में जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा जारी फोटो युक्त पहचान पत्र के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। मतगणना का कार्य एक बड़े मतगणना हॉल में संपन्न होगा जिसमें मशीनों से मतों की गणना हेतु कुल 14 टेबल लगाए जाएंगे। तीन टेबल डाक मतपत्र की गणना हेतु लगाया जाएगा। प्रत्येक गणना टेबल पर गणना का कार्य मतगणना दल द्वारा किया जाएगा जिसमें एक गणना पर्यवेक्षक एक गणना सहायक और एक माइक्रो आब्जर्वर (निगरानी हेतु) रहेंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा नियत समय 08:00 बजे प्रातः से मतगणना प्रारंभ होगा। मतगणना के प्रारंभ होने रिटर्निंग ऑफिसर द्वारा मतगणना की गोपनीयता को बनाए रखने के लिए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 128 को जोर से पढ़ा जाएगा। जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने बताया कि प्रत्येक गणना टेबल हेतु अभ्यर्थी अपने गणन अभिकर्ता बना सकते हैं। गणन अभिकर्ता को मतगणना हाल में घूमने की अनुमति नहीं होगी वह आवंटित टेबल पर ही बैठेंगे। निर्वाचन संचालन नियम 1961 की 54 क के अनुसार रिटर्निंग ऑफिसर के टेबल पर डाक मतपत्रों की गणना सबसे पहले प्रारंभ होगी। इसके आधे घंटे बाद समय 08:30 प्रातः से ही ई.व्ही.एम. से मतों की गणना का कार्य शुरू होगा। मतगणना कर्मियों को डाक मत पत्र गणना की प्रक्रिया को विस्तार पूर्वक बतलाया गया। उन्हें यहां भी बताया गया की डाक मतपत्र किन-किन कारणों से खारिज किए जाते और डाक मतपत्रों की संवीक्षा किस प्रकार किया जाता है। सभी गणना कर्मियों को ई.व्ही.एम. से मतों की गणना के बारे में पीपीटी के माध्यम से विस्तार से बताया गया। प्रशिक्षण के अंत में व्ही.व्ही. पेट के पेपर पर्चियों के गणना के बारे में जानकारी दी गई।

इस प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी भी संजय अग्रवाल द्वारा गणना कर्मियों को संबोधित करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने गणना कर्मियों को गणना के अंकों की सही प्रविष्टि करना और उसका सटीक योग रहे. के बारे में निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण में अपूर्व टोप्पो उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, प्रशिक्षण नोडल अधिकारी सुश्री लीना कोसम, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री प्रियंका वर्मा व अन्य संबंधित उपस्थित थे।

# गंभीरता से लें मतगणना प्रशिक्षण,नियमों का पालन कर मतगणना का कार्य सुनिश्चित करेंगे:जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार

## मतगणना सुपरवाइजर और गणना सहायकों को दिया गया प्रशिक्षण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

03 दिसंबर को जिले में मतगणना होगी जिसके संबंध में जिले में मतगणना सुपरवाइजर और गणना सहायकों को आवश्यक प्रशिक्षण दिया जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित प्रशिक्षण में संलग्न कर्मचारियों को मतगणना की प्रक्रिया और मतगणना के दौरान पालन किए जाने वाले नियमों की विस्तृत जानकारी मास्टर ट्रेनर द्वारा दी गई हैं जिससे मतगणना का कार्य बेहतर तरीके





से संपन्न कराया जा सके।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार ने प्रशिक्षण में कर्मचारियों को संबोधित करते हुए मतदान में संलग्न सभी अधिकारियों कर्मचारियों की धैर्य के साथ निष्पक्ष होकर काम करने की सराहना की। उन्होंने कहा कि इस जज्बे को बनाए रखे। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों की भी अच्छे से प्रशिक्षण देने पर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इसी तरह सचेत होकर कार्य करें। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा हर स्तर पर अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और किसी भी तरह की समस्या या शंका होने पर तुरंत उसे स्पष्ट करें। निर्वाचन अवधि के दौरान जिस लगन और निष्पक्षता से काम किया है, उसी लगन से मतगणना के कार्य को करना सुनिश्चित करें।

गौरतलब है कि कुल 144 मतगणना सुपरवाइजर और गणना सहायकों को प्रशिक्षण दिया गया है। 25 नवंबर को 65 माइक्रोआब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया जाना है।

### मतगणना की तैयारी

जिले में शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज अंबिकापुर में 3 दिसंबर को मतगणना की जानी है। जिसमें तीनों विधानसभा क्षेत्रों के ईवीएम और पोस्टल बैलेट से किए मतों की गणना की जाएगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 09 लुण्ड्रा में 254 मतदान केंद्र, विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 10 में 282 मतदान केंद्र, और विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 में 245 मतदान केंद्र आते हैं। ईवीएम से मतों की गणना में प्रत्येक विधानसभा हेतु 14-14 टेबल लगाए जायेंगे। इसी तरह पोस्टल बैलेट के जरिए किए मतों की गणना के लिए भी अलग व्यवस्था की जाएगी।

प्रशिक्षण में सीईओ जिला पंचायत नूतन कंवर, डीआईओ एनआईसी जिया उर रहमान सहित निर्वाचन से संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# डबलिन में स्कूल के पास चाकूबाजी,तीन बच्चों समेत पांच घायल,हिंसक प्रदर्शन के दौरान लोगों ने की आगजनी

**डब्लिन,24 नवम्बर 2023।** डब्लिन में स्कूल के बाहर चाकू से हुए हमले में तीन युवा बच्चों के घायल होने के बाद प्रदर्शनकारियों ने गुरुवार को कई वाहनों में आग लगा दी और दुकानों को लूट लिया। उन्होंने पुलिस के साथ भी मारपीट की। भीड़ ने सड़कों पर नारेबाजी की और आतिशबाजी भी शुरू की।

### वाहनों और दुकानों में तोड़फोड़

ओ कॉलेन ब्रिज के पास लिफी नदी के पास एक जली हुई कार और बस से आग की लपटें उठी। शहर के एक मुख्य शॉपिंग स्ट्रीट के दुकानों से लूटपाट भी की। यह इस साल की सबसे खतरनाक घटना थी। उत्तरी मध्य डब्लिन के पार्नेल स्क्वायर ईस्ट में चाकूबाजी के दौरान एक पांच वर्षीय बच्ची गंभीर रूप से घायल होने के बाद प्रदर्शन तेज हो गया। इसके अलावा दो



अन्य बच्चे और दो युवा को घटना के बाद अस्पताल ले जाया गया।

सोशल मीडिया पर आरोपी के राष्ट्रीयता को लेकर अफवाहें फैलाई जा रही है। पुलिस प्रमुख ड्रियू हैरिस ने कहा, दक्षिणपंथी विचारधारा को गलत सूचना फैलाने के लिए चेतावनी दी गई। कुछ प्रदर्शनकारियों ने आयरिश झंडे भी लहराए और कुछ ने आयरिश जीवन मायने रखता है% पोस्टर भी ले रखी थी। एक प्रदर्शनकारी ने मीडिया को बताया, आयरिश लोगों पर हमला किया जा रहा है।

आयरलैंड में लोगों को लंबे समय से ही आवास संकट का सामना कर रहे हैं। सरकार ने बताया कि सामान्य आबादी के लिए सैकड़ों घरों की कमी है। हालांकि, प्रदर्शन के बाद देर शाम को पुलिस प्रमुख अधीक्षक पैट्रिक मैकमेनामिन ने इलाके में शांति बहाल होने की जानकारी दी। न्याय मंत्री हेलेन मैकएन्टी ने प्रदर्शनकारियों की निंदा करते हुए कहा कि पुलिस पर हमला और शहर में इस तरह के प्रदर्शन को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# राजशाही समर्थकों-पुलिस के बीच झड़प के बीच बढ़ाई सुरक्षा,काठमांडू में भारी पुलिस बल तैनात

**काठमांडू , 24 नवम्बर 2023 ।** नेपाल पुलिस और राजशाही समर्थक आमने-सामने हैं। गुरुवार को प्रदर्शनकारियों की पुलिस से झड़प हुई। जिसके बाद से नेपाल की पुलिस ने राजधानी काठमांडू समेत आसपास के इलाकों में सुरक्षा बढ़ा दी है। प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए स्थानीय प्रशासन ने कई इलाकों में कड़े प्रतिबंध लगाए हैं। पुलिस के मुताबिक, राजशाही समर्थक बड़े पैमाने पर देशभर में विरोध प्रदर्शन की तैयारी कर रहे हैं। विरोध प्रदर्शन का नेतृत्व करने वाले प्रदर्शनकारी दुर्गा प्रसाई के आवास पर भी पुलिस बलों को तैनात किया गया है, कई स्थानों से उनके समर्थकों को भी गिरफ्तार किया गया है।



काठमांडू के मुख्य जिला अधिकारी जितेंद्र ने कहा, गुरुवार को राजशाही समर्थकों ने अपने कार्यक्रम में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता की सभी सीमाओं को पार कर दिया है। यहां तक कि प्रेस वार्ता में हिंसा, तोड़फोड़ से संबंधित उत्तेजित बयान दिए गए। अधिकारी के मुताबिक, एक इलाके में प्रदर्शनकारियों को सामूहिक बैठक आयोजित करने की अनुमति दी गई थी। जिसके बाद से तनाव बढ़ गया, जिसका असर नजदीकी एयरपोर्ट में देखने को मिल सकता है।

गुरुवार को झड़प के बाद से ही पुलिस ने अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के आसपास के इलाकों में चेकिंग अभियान चलाया। साथ ही, संदिग्ध राहगीरों के सामानों की तलाशी ली जा रही है। बता दें प्रदर्शनकारी दुर्गा प्रसाई ने गुरुवार को कहा था कि नेपालमें लोकतांत्रिक व्यवस्था को हटाना होगा और फिर से राजशाही तंत्र को स्थापित करना होगा। काठमांडू जिला प्रशासन ने सिंघा दरबार, प्रशासनिक राजधानी और संघीय संसद के आसपास के इलाकों को प्रतिबंधित कर दिया है। साथ ही प्रधानमंत्री कार्यालय, राष्ट्रपति आवास की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

# सैन्य जासूसी उपग्रह को स्थापित करना आत्मरक्षा का अधिकार,बोले उत्तर कोरियाई तानाशाह उन

**सियोल, 24 नवम्बर 2023 ।** उत्तर कोरिया ने हाल ही में सैन्य जासूसी उपग्रह को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित करके अपने दुश्मन अमेरिका और दक्षिण कोरिया समेत जापान को बड़ा झटका दिया है। उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने देश के सैन्य जासूसी उपग्रह के प्रक्षेपण को अंतरिक्ष रक्षक की तैनाती बताते हुए कहा कि यह आत्मरक्षा के अधिकार का अभ्यास है। बता दें, किम जोंग की यह टिप्पणी राष्ट्रीय एयरोस्पेस प्रौद्योगिकी प्रशासन (नाटा) की यात्रा के दौरान आई।



**दुश्मन देशों की सैन्य गतिविधियों पर नजर**

एक रिपोर्ट के अनुसार, तानाशाह किम जोंग उन ने इस बात की सराहना की कि देश के अंतरिक्ष रक्षक दुश्मन देशों की सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने और उसके अनुसार खुद को तैयार रखने के मकसद से काम कर रहे हैं और नई-नई जीत भी हासिल कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने इस बात भी जोर दिया कि जासूसी उपग्रह का प्रक्षेपण आत्मरक्षा के अधिकार का अभ्यास है।

**अपनी बेटी के साथ पहुंचे**

किम अपनी बेटी के साथ पहुंचे थे। इस मौके पर उन्होंने सैटेलाइट प्रोग्राम में शामिल लोगों के साथ फोटो भी खिचवाए।

**मल्लीगयोंग-1 उपग्रह कक्षा में स्थापित**

उत्तर कोरिया के अंतरिक्ष अधिकारियों ने बुधवार सुबह बताया था कि उसके अंतरिक्ष प्रक्षेपण यान ने मंगलवार रात 'मल्लीगयोंग-1' नामक उपग्रह को निर्धारित कक्षा में सफलतापूर्वक स्थापित कर दिया है। उत्तर कोरिया ने इस उपग्रह की स्थापना दुश्मन देशों की सैन्य गतिविधियों पर नजर रखने और उसके अनुसार खुद को तैयार रखने के मकसद से किया है।

# कतर में मौत की सजा पाए भारत के आठ पूर्व नेवी अफसरों की याचिका स्वीकार,जल्द होगी अदालत में सुनवाई

**दोहा,24 नवम्बर 2023।** भारत के लिए एक राहत की खबर सामने आयी है। दरअसल भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अफसरों की याचिका को कतर की कोर्ट ने स्वीकार कर लिया है। कतर की कोर्ट जल्द ही उनकी अपील पर सुनवाई कर सकती है। बता दें कि नौसेना के इन आठ पूर्व अफसरों को कतर में फांसी की सजा सुनाई गई है।



### भारत सरकार ने की अपील

आठ पूर्व नेवी अफसरों की मौत की सजा के खिलाफ भारत सरकार ने यह याचिका दायर की है। कतर की अदालत ने 23 नवंबर 2023 को इसे स्वीकार कर लिया और अब अपील का अध्ययन कर जल्द इस पर सुनवाई शुरू करेगी। बता दें कि भारतीय नौसेना के आठ पूर्व अफसर कतर में देहरा ग्लोबल टेक्नोलॉजी एंड कंसल्टेंसी सर्विसेज नामक कंपनी के लिए काम कर रहे थे। अगस्त 2022 में इन सभी को गिरफ्तार किया गया। कतर की सरकार ने नौसेना के पूर्व अफसरों पर लगाए गए आरोपों की जानकारी नहीं दी है। बीती 26 अक्तूबर 2023 को कतर की अदालत ने इन पूर्व अफसरों को मौत की सजा सुना दी।

कतर सरकार ने अभी तक आठ भारतीयों पर लगे आरोपों को सार्वजनिक नहीं किया है। हालांकि ऐसी आशंका है कि सुरक्षा संबंधी अपराध के आरोप में यह गिरफ्तारियां हुई हैं। कतर के मीडिया का दावा है कि भारतीय अधिकारी इस्राइल के लिए जासूसी कर रहे थे। भारत सरकार ने भी आरोपों की जानकारी नहीं दी है।

### कतर ने कार्रवाई को गुप्त रखा

गौरतलब है कि गिरफ्तारी के कई दिनों तक इस मामले को गुप्त रखा गया और कतर में मौजूद भारतीय दूतावास के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी नहीं दी गई। एक अक्तूबर 2022 को दोहा में भारत के राजदूत और मिशन के उप-प्रमुख ने इन पूर्व अफसरों से मुलाकात की। तीन अक्तूबर 2022 को पहला काउंसलर एक्सेस दिया गया। 25 मार्च 2023 को सभी आठों अधिकारियों के खिलाफ आरोप तय किए गए और 29 मार्च से मुकदमा शुरू हो गया। 26 अक्तूबर 2023 को सभी को मौत की सजा सुनाई गई।

### इन नौसैन्य अधिकारियों को मिली मौत की सजा

नौसेना के जिन पूर्व अफसरों को कतर में फांसी की सजा दी गई है उनमें कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कमांडर पूर्णेन्दु तिवारी, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर संजीव गुप्ता, कमांडर अमित नागपाल और सेलर रागेश शामिल हैं। जिस कंपनी देहरा ग्लोबल के लिए ये भारतीय काम करते थे, उसके सीईओ खामिल अल आजमी ओमान एयरफोर्स के अफसर रह चुके हैं। आजमी को भी पहले हिरासत में लिया गया था लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया था।

# मेदिना काउंटी में वाहन से टक्कर लगने के बाद भारतीय मूल के व्यक्ति की मौत,अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं

**ओहियो, 24 नवम्बर 2023।** अमेरिका के मेदिना काउंटी में वाहन से टक्कर लगने के बाद एक 52 वर्षीय भारतीय-अमेरिकी व्यक्ति की मौत हो गई। हाईवे पेट्रोल अधिकारियों को शाम के 7ः05 बजे ब्रंसविक हिल्स के ऑटमवुड लेन के पास एक पैदल चल रहे यात्री के वाहन से टक्कर लगने की सूचना मिली।

घटना की जानकारी पाकर अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्हें मालूम चला कि 25 वर्षीय युवक के वोक्सवैगन से टकराने के बाद 52 वर्षीय पीयूष पटेल की मौत हो गई। वाहन चालक दक्षिण की तरफ जा रहा था, तभी पीयूष उसकी वाहन से टकरा गए। इस हादसे में पीड़ित की मौत हो गई, वहीं वाहन चालक को कोई चोट नहीं आई है। फिलहाल इस मामले की जांच जारी है और अबतक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हुई है।



भारतीय छात्र की गोली लगने से मौत

एक अन्य घटना में 26 वर्षीय भारतीय छात्र आदित्य अदलाखा की नौ नवंबर को वेस्टर्न हिल्स वायडक्ट में एक वाहन के भीतर गोली लगने से मौत हो गई। आदित्य को अल्सेरेटिव कोलिटिस पर काम करने के लिए अवॉर्ड और स्टाइपेंड भी मिल चुका है। वह 2025 में अपना डॉक्टोरेट खत्म करने वाले थे।

घटना की जानकारी तब मिली जब शनिवार की सुबह 06:20 बजे गोलीबारी की रिपोर्ट के बाद अदलाखा को पुल के ऊपरी डेक पर एक दुर्घटनाग्रस्त कार के भीतर गोली लगी हालत में पाया गया। उन्हें उसी समय यूसी अस्पताल ले जाया गया जहां वह कुछ दिनों तक गंभीर अवस्था में रहने के बाद उनकी मौत हो गई। हालांकि, इस मामले में अभी तक किसी की भी गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। मेडिकल स्कूल ने इस घटना पर मृतक के परिवार वालों के लिए अपनी संवेदनाएं व्यक्त की है।

# पाकिस्तान में तलाशी के दौरान आतंकी और पुलिस के बीच हुई गोलीबारी,घटना में दो स्कूली छात्रों की मौत

**पेशावर, 24 नवम्बर 2023।** आजकल पाकिस्तान में आंतकी घटनाओं की संख्या तेजी से बढ़ गई है। आए दिन कहीं न कहीं आतंकी हमला होने की खबर आ ही जाती है। अब घटना यहां के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में हुई है। यहां तलाशी अभियान के दौरान पुलिस और एक वांछित आतंकवादी के बीच हुई गोलीबारी में दो स्कूली छात्रों की जान चली गई है।



### अधिकारियों को मिली थी खुफिया सूचना

दरअसल, गोलीबारी की घटना उस वक्त हुई जब पुलिस की एक टीम गुरुवार को खुफिया सूचना के आधार पर खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के टैंक जिले के कोट आजम इलाके में तलाशी अभियान चला रही थी। इसी दौरान दोनों ओर से हुई गोलीबारी में वांछित आतंकवादी मारा गया।

### दो मासूम बच्चों की गई जान

इस घटना में आठवीं कक्षा के दो छात्रों की भी जान चली गई। पुलिस ने बताया कि मारे गए आतंकवादी के कब्जे से एक सब-मशीन गन, गोला-बारूद, दो हथगोले और एक मोटरसाइकिल बरामद की है।

### बढ़ रहीं घटनाएं

पाकिस्तान में हाल के महीनों में आतंकवादियों और अलगाववादी समूहों द्वारा आतंकवाद की घटनाओं में वृद्धि हुई है क्योंकि तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अन्य आतंकवादी संगठनों ने सुरक्षा बलों के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी है। इसने सुरक्षा बलों और स्थानीय पुलिस को आतंकवादियों के खिलाफ अभियान तेज करने के लिए प्रेरित किया है।

# गाजा में अब तक 14800 की मौत,समझौते के तहत शुरू हुआ सीजफायर,बंधकों की रिहाई भी होगी

**दोहा/यरूशलम,24 नवम्बर 2023।** गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया है कि इस्राइल के हमले में गाजा में 14854 लोग मारे गए हैं। इनमें से 5850 बच्चे शामिल हैं। बता दें कि गाजा में हवाई हमले के बाद इस्राइली सेना अब जमीनी ऑपरेशन चला रही है। हालांकि इस्राइल और गाजा के बीच युद्धविराम को लेकर समझौता हुआ है, जिसके बाद फिलहाल सीजफायर है। चार दिनों तक यह युद्धविराम रहेगा, जिसकी शुरुआत शुक्रवार को स्थानीय समय अनुसार सुबह सात बजे से हो गई है। पहले दिन 13 इस्राइली बंधकों को रिहा किया जाएगा।

### पिता ने लगाई बेटी की रिहाई की गुहार

एक पिता ने अपनी 9 साल की बच्ची की रिहाई की गुहार लगाई है। बता दें कि एमिली हैंड को बीती 7 अक्तूबर को हमास के आतंकियों ने बंधक बना लिया था। पहले माना जा रहा था कि एमिली की मौत हो चुकी है लेकिन अब पता चला है कि एमिली हमास की कैद में है और माना जा रहा है कि आज इस्राइल और हमास के बीच हुए समझौते के तहत रिहा किए जा रहे लोगों में एमिली भी हो सकती है। समझौते के तहत बंधकों की रिहाई पर खुशी जताते हुए एमिली के 63 वर्षीय पिता थॉमस हैंड ने कहा कि %यह सभी के लिए अच्छी बात है। इससे मुझे उम्मीद बंधी है लेकिन जब तक मैं खुद उसे देख नहीं लेता या उसे छू नहीं लेता तब तक मुझे किसी पर विश्वास नहीं है।%

बता दें कि इस्राइल-हमास के बीच हुए समझौते के तहत 13 बंधकों को शुक्रवार शाम चार बजे (स्थानीय समय) गाजा से रिहा किया जाएगा। कतर के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता माजिद अल अंसारी ने इसकी जानकारी दी। उन्होंने कहा कि जिन बंधकों को रिहा किया जाएगा, उनके नामों की सूची इस्राइली खुफिया एजेंसियों को दे दी गई है। अंसारी के अनुसार, गाजा में मानवीय आधार पर चार दिन का संघर्षविराम शुक्रवार सुबह सात बजे (स्थानीय समय) शुरू होगा। बयान में कहा गया है कि गाजा में संघर्षविराम की कार्यान्वयन योजना पर चर्चा के लिए व्यापक बैठकें हुईं। कतर के विदेश मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि कतर और मिस्त्र के मध्यस्थों और दोनों पक्षों की भागीदारी के साथ युद्धविराम की योजना पर चर्चा करने के लिए दोहा में व्यापक बैठकें हुईं। गाजा में संघर्षविराम शुक्रवार, 24 नवंबर को सुबह सात बजे शुरू होगा।

### इस्राइल ने की बंधकों की सूची मिलने की पुष्टि

कतर की मध्यस्थता से इस्राइल और हमास के बीच संघर्षविराम की पुष्टि होने के बाद गुरुवार को इस्राइली प्रधानमंत्री के कार्यालय ने रिहा किए जाने वाले बंधकों की पहली सूची प्राप्त होने की पुष्टि की। कार्यालय ने कहा कि इस्राइल को गाजा से रिहा किए जाने वाले बंधकों की प्रारंभिक सूची मिल गई है, जिसे शुक्रवार को हमास के साथ संघर्षविराम लागू होने के बाद जारी किया जाएगा। बयान में कहा गया कि संबंधित अधिकारी सूची के विवरण की जांच कर रहे हैं और सभी पीड़ित परिवारों के साथ संपर्क में बने हुए हैं।



इससे पहले घोषणा की गई थी कि संघर्षविराम समझौते के तहत हमास गुरुवार को 50 इस्राइली बंधकों को रिहा करेगा। बाद में इस्राइल के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार तजाची हानेग्बी ने एक बयान में कहा कि बंधकों की रिहाई पर चर्चा लगातार जारी है और समझौता लागू होने में शुक्रवार तक की देरी हुई। बताया गया कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों के बदले इस्राइली जेलों में बंद फलस्तीनी नागरिकों की रिहाई का समझौता अंतिम वक्त में लागू नहीं हो सका। इसके चलते युद्धविराम में एक दिन की देरी हुई। इस्राइली सेना के आंकड़ों के अनुसार, हमास ने गाजा में 239 लोगों को बंधक बना रखा है, जिनमें 26 देशों के विदेशी नागरिक भी शामिल हैं।

### गाजा पहुंचा 1,30,000 लीटर ईंधन और राहत सामग्री के 200 ट्रक

इस्राइल और हमास के बीच हुए युद्धविराम के समझौते के बाद गाजा पट्टी में मानवीय मदद पहुंचने में भी तेजी आई है। मिस्त्र ने एलान किया है कि मानवीय मदद लेकर रोजाना 200 ट्रक गाजा पहुंच रहे हैं। साथ ही कुल 1,30,000 लीटर डीजल और गैस से भरे चार टैंकर भी गाजा में भेजे गए हैं।

### इस्राइली सेना ने हमास कमांडर को किया ढेर

संघर्षविराम से एक दिन पहले इस्राइली सेना उत्तरी गाजा में भारी बमबारी की। इस्राइली सेना ने एक दिन में 300 हवाई हमलों का दावा किया। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, संयुक्त राष्ट्र के स्कूल पर इस्राइली बमबारी में 27 लोग मारे गए हैं। वहीं, इस्राइली सेना ने हमास कमांडर अमर अबू जलाला को मारने का दावा किया है। इस्राइल का कहना है कि जलालह खान यूनिस में हमास के नौसैनिक बल का कमांडर था। बयान में कहा गया कि हवाई हमले में अबू जलाला और हमास का एक अन्य लड़ाका मारा गया।

### शिफा अस्पताल के नीचे हमास के बड़े ठिकाने का खुलासा

इस्राइली सेना ने गाजा के सबसे बड़े शिफा अस्पताल के नीचे हमास का सैन्य केंद्र होने के अपने दावे के लिए विदेशी पत्रकारों के एक समूह को एक भूमिगत ठिकाने के बंकर दिखाए। यहां पत्थर की संकीर्ण सुरंग के जरिये भूमिगत बंकरों में ले जाया गया। सुरंग की लंबाई 150 मीटर है। सुरंग के अंत में स्थित कई क्वार्टर में एयर कंडीशनर, रसोईघर, शौचालय और सफेद टाइल से बने कमरे में धातु की चारपाई दिखी। सेना ने दावा किया कि शिफा अस्पताल की आड़ में हमास ने कमान केंद्र बना रखे हैं और अस्पताल के नीचे कई बंकर हैं। हमास और अस्पताल के प्रशासन ने इस्राइली दावों को खारिज किया, इस्राइल की सेना के मुख्य प्रवक्ता डैनियल हैगारी ने कहा, शिफा अस्पताल में हमास का सबसे बड़ा आतंकी केंद्र है।

### जो बाइडन ने की पश्चिम एशियाई नेताओं से फोन पर वार्ता

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने बंधकों की रिहाई पर इस्राइल-हमास समझौते के बाद पश्चिम एशिया में ताजा हालात पर चर्चा के लिए इस्राइली पीएम बेंजामिन नेतन्याहू, कतर के अमीर शेख तमीम बिन हमद अल-थानी और मिस्त्र के राष्ट्रपति अब्देल फतह अल-सीसी से फोन पर बात की। नेताओं ने युद्धविराम पर चर्चा की, ताकि गाजा में जरूरी मानवीय सहायता पहुंच सके। वह सहमत हुए कि काम अभी पूरा नहीं हुआ है और बाइडन ने नेतन्याहू को आश्वस्त किया कि वह बचे हुए सभी बंधकों की रिहाई सुनिश्चित करने की दिशा में काम जारी रखेंगे।

### गाजा में 13,000 से अधिक लोग मारे गए

हमास शासित गाजा में स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि उसने इस्राइल-हमास की जंग में मारे गए फलस्तीनियों की विस्तृत जानकारी के साथ गणना करना फिर शुरू कर दिया है और मृत्यु के 13,000 से अधिक मामले दर्ज किए हैं। मंत्रालय ने उत्तर गाजा में आवागमन व संचार बंद होने के बाद 11 नवंबर को आंकड़े जारी करना बंद कर दिया था। ताजा आंकड़े दक्षिण व उत्तर के अस्पतालों के 11 नवंबर के आंकड़ों पर आधारित हैं।

# क्यों कर्मचारी मतदान से हुए वंचित,मतदान दलों में नियोजित कई कर्मचारी नहीं कर सके अपने मत का प्रयोग?

**निर्वाचन आयोग जहां अधिक से अधिक मतदान हो इसके लिए चलाता रहा अभियान वहीं कर्मचारियों को मतदान से वंचित रखना कहां तक उचित?**

**डाक मत पत्र जारी करने में जिला निर्वाचन विभाग की उदासीनता खुलकर आई सामने,कर्मचारियों के मतदान के लिए जिला निर्वाचन विभाग की सुस्त कार्यप्रणाली देखने को मिली**

**अन्य जिलों में कार्यरत कर्मचारी ज्यादा रहे परेशान,उन्हे न मिला अवसर न ही उन्हे मिला मतदान के लिए सही दिशा निर्देश**



**पहली बार कर्मचारियों से मतदान तिथि पूर्व कराया गया मतदान,फिर भी कर्मचारी रहे मतदान से वंचित यह निर्वाचन आयोग के लिए होना चाहिए चिंता का विषय**

**क्या कर्मचारियों के लिए दिया जायेगा अवसर उन्हे मिलेगा अभी भी मतदान के लिए अवसर यह भी है बड़ा सवाल?**

**मतदान दलों में नियोजित कई कर्मचारी कहीं न कहीं नजर आ रहे दुखी,मतदान की मंशा के बावजूद उन्हे नहीं मिला मतदान का अवसर**

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ में विधानसभा निर्वाचन 2023 दिनांक 17 नवंबर को संपन्न हुआ निर्वाचन इस बार अलग तरीके से संपन्न हुआ जिसमे कर्मचारियों के परेशान होने की कई मामलो में उन्हे देर से सूचना मिलने की वाहन व्यवस्था सहित भोजन व्यवस्था को लेकर शिकायत सामने आई लेकिन फिर भी कर्मचारियों ने अपना फर्ज निभाया और मतदान कार्य को कुशलता और अपनी कर्मठता से किसी तरह से सफलता पूर्वक संपन्न कराया। मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों को इस बार अपने मतदान के लिए भी परेशान देखा गया वहीं कई कर्मचारी मतदान से वंचित हो गए जैसी की सूचना सामने आ रही है।

इस बार कर्मचारियों के लिए अलग से नियम लाया गया था मतदान के लिए कर्मचारियों को इस बार मतदान दिवस से पूर्व मतदान करना था जो पहली बार देखा गया। जो कर्मचारी अन्य विधानसभा में नियोजित किया गया था मतदान के लिए उसके लिए यह व्यवस्था थी की वह डाक मतपत्र से मतदान कर ले और वह भी वह मतदान दिवस से पूर्व मतदान करे जिसके लिए अधिकतम समय अवधि 15 नवंबर तय की गई थी वहीं जो कर्मचारी अपने ही विधानसभा क्षेत्र में नियोजित किए गए थे उनके लिए ई डी सी मतदान करने की व्यवस्था की गई थी जिसके अनुसार वह अपने नियोजित मतदान केंद्र में ही मतदान कर सकते थे जबकि वह अपने उस मतदान केंद्र में नहीं मतदान कर सकते थे जहां का निवास स्थान है। पहली बार समय पूर्व कर्मचारियों के मतदान कराने के पीछे की मंशा यह थी की कर्मचारी पहले बाद में मतदान किया करते थे और वह माहौल को भांप जाते थे और उसी अनुसार वह मतदान करते थे वहीं इस दौरान उनके मतों की खरीदी बिक्री भी हुआ करती थी जिसकी वजह से ही इस बार कर्मचारियों से पहले मतदान करा लिया गया। वैसे मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों से समय पूर्व मतदान कराया गया इसको लेकर कर्मचारियों ने कोई शिकायत नहीं की और न उन्हे इसका कोई मलाल रहा उन्हे कहीं न कहीं प्रसन्न देखा गया की उन्हे पहले अवसर मिला और वह पहले मतदान कर सके और उन्हे अपने मत को अपनी मंशा अनुसार अपने पसंद के उम्मीदवार या दल को देने का मौका मिला।

## मतदान से वंचित होना कर्मचारियों के लिए रहा पीड़ादायक

वहीं कुछ कर्मचारियों को मतदान से वंचित होना पड़ा यह कर्मचारियों के लिए जरा पीड़ादायक रहा और उनके लिए निराशाजनक रहा जैसा सुनने में आया यह वह कर्मचारी हैं जो अन्य जिलों में या तो निवासरत कार्यरत थे और वहीं के मतदान दलों में नियोजित थे। अन्य जिलों में उन्हे मतदान के लिए डाक मत पत्र उपलब्ध नहीं कराया गया जबकि पहले कर्मचारियों को उनके गृह विधानसभा का डाक मत पत्र उनके कार्यक्षेत्र विधानसभा क्षेत्र में चुनाव के दौरान उपलब्ध कराया जाता था जिससे वह अपने पसंद का उम्मीदवार चुन सकें और अपने मत का प्रयोग कर लोकतंत्र की मजबूती में अपना योगदान दे सकें। इस बार के निर्वाचन में अन्य जिलों में कार्यरत और वहां के मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों को समय से यह नहीं बताया गया की उन्हे अपने गृह जिले या विधानसभा में जाकर ही वहां जिला निर्वाचन अधिकारी से या संबंधित से जो डाक मत पत्र की व्यवस्था देख रहा है से संपर्क करना है और वहीं आवेदन कर डाकमत पत्र का उपयोग करना है,उन्हे जब तक पता चला की उन्हे डाक मतपत्र उनके गृह जिले के गृह विधानसभा क्षेत्र से प्राप्त होगा तब तक देर हो चुकी थी और वह मतदान से वंचित हो गए। वैसे अन्य जिले में कार्यरत और मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों के लिए अपने जिले या विधानसभा क्षेत्र में जाकर डाक मत पत्र जारी कराना भी असंभव बनाए रखा गया था क्योंकि आदर्श आचार संहिता की वजह से वह अपने कार्य क्षेत्र मुख्यालय से बाहर चुनाव संपन्न होने तक नहीं जा सकते थे इसलिए भी वह प्रयास नहीं कर सके वहीं कुछ दूरस्थ पदस्थ होने के कारण भी नहीं पहुंच सके जैसा सुनने में आया। पास के जिलों में और विधान सभा क्षेत्र में पदस्थ या नियोजित मतदान दलों के कर्मचारियों ने प्रयास किया भी लेकिन जब तक पहुंचे उन्हे डाक मत पत्र हेतु आवेदन प्रारूप के समाप्त होने की सूचना दे दी गई और वह भी मायूस होकर लौट गए। कुल मिलाकर मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों में से कइयों को मतदान से वंचित होना पड़ा।

## भारत निर्वाचन आयोग कोई मतदाता मतदान से वंचित न होने पाए इस प्रयास में लगा रहा... वहीं मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों ही अपने मताधिकार का प्रयोग नहीं कर सके

एक तरफ जहां भारत निर्वाचन आयोग कोई मतदाता मतदान से वंचित न होने पाए इस प्रयास में लगा रहा वहीं मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों में से ही कइयों को अपने मताधिकार के प्रयोग का अधिकार नहीं मिल सका जो चिंता का विषय कहा जा सकता है। इसके लिए जिम्मेदार कौन है यह तो निर्वाचन आयोग को तय करना है लेकिन मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों को मतदान का अधिकार मिलना चाहिए यह कर्मचारियों की मांग है। कर्मचारियों की माने तो इस बार सब कुछ नया जैसा अनुभव था। मतदान कार्य कराते कई कर्मचारियों के अनुसार उनकी उम्र बीतने को है लेकिन इस बार जैसी स्थिति कभी पहले नहीं देखी गई थी उनका ही कहना है। कर्मचारियों की माने तो इस बार मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों को कई मामलों में परेशानी का समाना करना पड़ा जबकि पहले की विपरीत परिस्थितियों में भी मतदान कार्य उन्होंने कराया है लेकिन ऐसी परिस्थिति कभी पहले सामने नहीं आई थी। मताधिकार से वंचित होने के मामले में कर्मचारियों की एक ही राय सामने आई की निर्वाचन आयोग को मामले में ध्यान अवश्य देना चाहिए क्योंकि एक एक मत यदि महत्वपूर्ण है तो मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों का मत महत्वपूर्ण क्यों नहीं माना जा रहा है यह कर्मचारियों का सवाल है।

## इस बार निर्वाचन आयोग ने कर्मचारियों से पहले मतदान कराकर एक नया प्रयोग किया लेकिन वह प्रयोग असफल साबित दिख रहा है...

वहीं कर्मचारियों के अनुसार ही वह मात्र ऐसे लोग नहीं है जिसमे से अधिकांश को मताधिकार का प्रयोग कर पाने से वंचित होना पड़ा कई ऐसे भी अशासकीय कर्मचारी थे जिसमे वाहन चालक प्रमुख हैं जो मतदान दलों को लाने ले जाने नियोजित थे लेकिन उन्हें डाक मत पत्र मिला की नहीं यह अभी तक स्पष्ट नहीं है। मतदान दलों में खासकर अन्य जिलों में विधानसभाओं में कार्यरत नियोजित मतदान दल कर्मचारियों को मतदान से वंचित होने पर उदास देखा गया यह सत्य है। पुलिस विभाग में भी यह देखा गया,कई पुलिस कर्मी भी मतदान से वंचित हुए उन्हे मतदान का मताधिकार का प्रयोग करने का अवसर नहीं मिला जबकि उन्हे भी एक नागरिक होने मतदाता होने के नाते मताधिकार के प्रयोग करने का अधिकार था। इस बार निर्वाचन आयोग ने कर्मचारियों से पहले मतदान कराकर एक नया प्रयोग किया जरूर लेकिन अब वह प्रयोग असफल प्रयोग साबित हो रहा है कहीं न कहीं यह साबित कर रहा है की पूर्व की प्रकिया और कर्मचारियों के लिए मताधिकार प्रयोग का अलग एवम अतिरिक्त समय दिया जाना आवश्यक है तभी सभी मतदाता अपना मताधिकार का उपयोग कर पाएंगे। वैसे इस बार दिव्यांग मतदाता बुजुर्ग मतदाता के लिए घर पर ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की गई थी लेकिन मतदान दलों में नियोजित कर्मचारियों के मामले में निर्वाचन आयोग उदासीन नजर आया यह अलग देखने को मिला।

# मतगणना अधिकारियों एवं कर्मचारियों का प्रशिक्षण सम्पन्न

**मतगणना कार्य के सफल क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर ने दिए आवश्यक निर्देश**





-संवाददाता-
बलरामपुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य 03 दिसम्बर 2023 को किया जाएगा। इसी कड़ी में मतगणना कार्य के लिए संलग्न अधिकारी-कर्मचारियों को संयुक्त जिला कार्यालय भवन के सभाकक्ष में प्रशिक्षण दिया गया। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विहित नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य निष्पक्ष एवं पारदर्शी तरीके से संपन्न कराने के लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का की उपस्थिति में मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों एवं निर्धारित प्रारूपों में आवश्यक प्रतिपूर्ति के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों को प्रशिक्षण दिया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री रिमिजियुस एक्का ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 07-रामानुजगंज एवं 08-सामरी के मतगणना कार्य के लिए 14-14 टेबल लगाए जाएगें। उन्होंने मतगणना हेतु लगाये गये अधिकारी-कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि मतगणना प्रक्रिया सही एवं निष्पक्ष तरीके से हो इसका विशेष ध्यान रखें। तथा मतगणना दिवस को सभी अधिकारी-कर्मचारियों को प्रातः 6:00 बजे तक मतगणना स्थल में पहुंचने को निर्देश दिये। उन्होंने बताया कि प्रातः 8.00 बजे से मतगणना की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। साथ ही उन्होंने बताया कि पोस्टल बैलेट की गणना करने के पश्चात ई.व्ही.एम मशीन के मतों की गणना की जायेगी।

प्रशिक्षण में उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अमित श्रीवास्तव ने मतगणना केन्द्रों पर आधारभूत संरचना, मतगणना केन्द्रों में सुरक्षा व्यवस्था, मीडिया सेंटर में आवश्यक सुविधाएं, सुरक्षा व्यवस्था, गणना हेतु मतगणना सामग्री, डाक मतपत्रों की गणना, ई.व्ही.एम. में दर्ज मतों की गणना, वीवीपीएटी स्लिप गणना, मतगणना की समाप्ति के पश्चात ईवीएम तथा निर्वाचन सामग्रियों को मुहरबंद करने और परिणाम की घोषणा के संबंध में भी विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों के द्वारा ई.व्ही.एम. एवं व्हीव्हीपैट में मतगणना हेतु सील तोड़ने की विधि से लेकर सम्पूर्ण मतगणना प्रक्रिया की जानकारी लाइव डेमो के माध्यम से प्रदान की गई। प्रशिक्षण में मतगणना स्थल पर प्रवेश हेतु मतगणना कार्य में लगे अधिकारी-कर्मचारियों के अलावा उम्मीदवारों एवं उनके निर्वाचन अभिकर्ताओं तथा मीडियाकर्मियों को पहचान पत्र के साथ उपस्थित होने तथा मतगणना स्थल पर प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ मोबाइल नहीं ले जाने के बारे में अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में बताया गया कि पत्रकारों हेतु मतगणना स्थल पर मीडिया सेंटर बनाया जाएगा जहां प्रत्येक राउंड की मतगणना की जानकारी पहुंचाई जाएगी। इस दौरान मास्टर ट्रेनरों ने वीडियोग्राफी, रेण्डमाईजेशन प्रक्रिया, स्ट्रांग रूम के खोले जाने प्रक्रिया, मतगणना हॉल की व्यवस्थाओं, सुरक्षा व्यवस्था, अभ्यर्थी या अभ्यर्थी के अभिकर्ताओं की उपस्थिति तथा परिणाम घोषणा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना के दौरान वीडियोग्राफी की जाएगी।

## मतगणना कार्य में नियोजित अधिकारियों का प्रथम प्रशिक्षण सम्पन्न

# निर्वाचन का सबसे अधिक महत्वपूर्ण कार्य है मतगणना:सीईओ





-संवाददाता-
बैकुंठपुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन में गत 17 नवम्बर को मतदान समाप्ति के बाद आगामी 3 दिसम्बर को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर में मतगणना होगी। विधानसभा क्षेत्र क्रमांक तीन के लिए मतगणना का कार्य रामानुज विद्यालय परिसर में सम्पन्न होगा। इस कार्य में नियोजित होने वाले अधिकारियों का आज प्रथम चरण का प्रशिक्षण संपन्न हुआ। जिला पंचायत कोरिया के सभाकक्ष में आयोजित इस प्रशिक्षण सत्र को सम्बोधित करते हुए जिला पंचायत कोरिया के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ आशुतोष चतुर्वेदी ने कहा कि आप सभी को निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों के अनुरूप मतगणना की कार्यवाही के लिए नियोजित किया गया है। यह अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है जिसमें आपको धैर्य से सजग रहकर कार्य करना होगा। मशीनों से परिणाम प्राप्त करते समय पूरी सजगता रखें और प्रत्येक परिणाम स्थल पर उपस्थित अभिकर्ता से जरूर साझा करेंगे ताकि निष्पक्ष तरीके से जानकारी प्राप्त करने में प्रत्याशी को कोई दिक्कत न हो। उन्होंने सभी नियोजित अधिकारियों को समय से पूर्व पूरी तैयारी के साथ मतगणना स्थल पर उपस्थित होने के निर्देश भी दिए। विदित हो कि कोरिया जिले में 14 टेबल पर 17 राउंड में मतगणना कार्य पूरा कराया जाएगा। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती नंदिनी साहू ने भी अधिकारियों को मतगणना कार्य की सावधानियों से अवगत कराया। मन्थन कक्ष में सभी मास्टर ट्रेनर व सम्बंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 4 दिसम्बर तक जिले में मनाया जाएगा पुरूष नसबंदी पखवाड़ा

-संवाददाता-
बैकुंठपुर,24 नवम्बर 2023 (घटती-घटना)।



संचालनालय स्वास्थ्य सेवाएं की दिशा निर्देशानुसार जिले में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस.सेंगर के मार्गदर्शन में 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन किया जाएगा जिसके अंतर्गत पखवाड़ा दो भागों में आयोजित होगा प्रथम चरण में 21 से 27 नवम्बर तक संपर्क पखवाड़ा एवं 28 से 04 दिसम्बर तक सेवा प्रदाता पखवाड़ा का आयोजन होगा।प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी परिवार नियोजन कार्यक्रम में पुरूषों की सहभागिता बढ़ाने के लिए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा का आयोजन माह नवम्बर में किया जा रहा है। इसके तहत प्रारंभिक गतिविधियां शुरू की गई है। इस वर्ष की थीम ''स्वस्थ्य मां स्वस्थ बच्चा, जब पति का हो परिवार नियोजन में योगदान अच्छा'' थीम पर मनाया जाएगा। इस अभियान में जिले के समस्त विकासखण्ड में मोर मितान संगवारी चौपाल का आयोजन किया जाएगा। जिसमें पुरूषों को परिवार नियोजन के स्थाई साधन अपनाने के लिए प्रेरित किया जाएगा। ऐसे नागरिक जो नसबंदी के पश्चात सफलतापूर्वक पारिवारिक एवं सामाजिक जीवन निर्वाह कर रहे है उन्हें समाज के लिए एक प्रेरणा स्त्रोत मानते हुए विभाग की ओर से मोर मितान मोर संगवारी सहभागिता प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

अभियान के प्रचार-प्रसार हेतु आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आर.एस.सेंगर एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. प्रिंस जायसवाल द्वारा हरी झण्डी दिखाकर सारथी रथ को रवाना किया गया। इस दौरान राकेश सिंह जिला प्रबंधक-प्रशिक्षण एवं मानव संसाधन, भूपेन्द्र पाटनवार जिला डाटा प्रबंधक, शिशिर जायसवाल, रंजीत कुमार, बैकुण्ठपुर एवं सोनहत विकासखंड के विकासखंड कार्यक्रम प्रबंधक एवं बी.ई.ई. एवं अन्य स्टाफ मौजूद थे।

# बालको चिमनी हादसे की सुनवाई अब होगी फास्ट ट्रैक कोर्ट में



-संवाददाता-
कोरबा 24 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

वर्ष 2009 में हुए बालको चिमनी दुर्घटना मामले में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के आदेश के बाद एक नया मोड़ आ गया है। इस आदेश के बाद अब पीड़ितों को न्याय मिलने की आस जगने लगी है। ज्ञात रहे के बालको में 14 साल पहले हुए चिमनी दुर्घटना में कोरबा एडीजे कोर्ट द्वारा सेपको कंपनी के तीन चीनी अधिकारियों द्वारा आरोप तय करने के विरुद्ध हाई कोर्ट में प्रस्तुत क्रिमिनल रिवीजन को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने 15 सितंबर को निरस्त कर दिया था। सेपको के जिम्मेदार अधिकारियों के विरुद्ध जिला न्यायालय में प्रकरण चलाने का आदेश छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने दिया था। धारा 304 और 201 के तहत न्यायालय ने आरोप निर्धारित किए हैं, जिसमें आरोपियों पर जानबूझ कर जान जोखिम वाले काम करने और साक्ष्य छिपाने के आरोप तय किए गए हैं। इस प्रकरण में 02 दिसंबर को प्रथम साक्ष्य कथन पीडब्ल्यूडी के तत्कालीन इंजीनियर एस.आर. चन्द्राकर का होगा । फास्ट ट्रैक कोर्ट में इस प्रकरण की सुनवाई होगी, जिसमें शासन की ओर से रामकुमार मौर्य पक्ष रखेंगे। ज्ञात हो कि 23 सितंबर 2009 को बालको में पावर प्लांट की निर्माणाधीन चिमनी धराशायी हो गया था, जिसमें 40 मजदूरों की दर्दनाक मौत हो गई थी ।



# कोरबा के अधिकारियों ने जांजगीर में मतगणना कराने से संबंधित ली जानकारी






-संवाददाता-
कोरबा 24 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत कोरबा जिले के अधिकारियों ने जांजगीर में मतगणना कराने की जानकारी हासिल की। उप जिला निर्वाचन अधिकारी, रिटर्निंग ऑफिसर, सहायक रिटर्निंग ऑफिसर (समस्त), मतगणना सहायक रिटर्निंग ऑफिसर, प्रत्येक विधानसभा हेतु मास्टर ट्रेनर्स एवं जिले के टेबुलेशन प्रभारी अधिकारी, पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारी, ईवीएम नोडल अधिकारी, सुरक्षा नोडल अधिकारी एवं प्रोग्रामर को नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर (एन.एल.एम.टी.) श्रीकांत वर्मा, उज्जवल पोरवाल एवं सहायक प्रोग्रामर भूपेन्द्र सिंह द्वारा जिला पंचायत जांजगीर के सभाकक्ष में मतगणना प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार नियमों का पालन करते हुए मतगणना कार्य संपन्न कराने के लिए सभी आवश्यक बिन्दुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। विधानसभा निर्वाचन 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य 03 दिसम्बर 2023 को आईटी कॉलेज कोरबा में किया जाएगा। जांजगीर में नेशनल लेवल मास्टर ट्रेनर (एन.एल.एम.टी.) द्वारा मतगणना के दौरान किए जाने वाले दायित्वों की विस्तार से जानकारी देते हुए प्रशिक्षण दिया। मतगणना के संबंध में प्रमुख वैधानिक प्रावधानों, नियमों तथा मतगणना के दौरान कौन-कौन सी जरूरी सावधानी बरती जानी है, इस जानकारी से अधिकारियों को अवगत कराया गया। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर द्वारा मतगणना के पूर्व तैयारी, मानव संसाधन व आवश्यक संसाधन की व्यवस्था, डाक मतपत्र की गणना, ईव्हीएम मशीन से मतगणना की व्यवस्था, मतगणना सॉफ्टवेयर, इंडेक्स कार्ड भरने की व्यवस्था, मतगणना केंद्रों पर आधारभूत संरचना, मतगणना केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी गई। इस दौरान कलेक्टर जांजगीर ऋचा प्रकाश चौधरी, कोरबा से अपर कलेक्टर दिनेश कुमार नाग, प्रदीप साहू, सर्व रिटर्निंग अधिकारी, एआरओ, नोडल अधिकारी सहित मास्टर ट्रेनर डॉ एम एम जोशी एवम संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।




## कल मनाया जाएगा संविधान दिवस

-संवाददाता-
बलरामपुर 24 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 132 वीं जयंती के अवसर पर भारत सरकार द्वारा प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस मनाये जाने का निर्णय लिया गया है। डॉ. अम्बेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे। भारतीय संविधान को 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था। अपर कलेक्टर श्री एस.एस. पैकरा ने सर्व कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि 26 नवम्बर 2023 को संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पठन कराया जावे तथा इस कार्यक्रम का विस्तृत प्रचार-प्रसार किया जाए। जिससे शासकीय अधिकारियों-कर्मचारियों के अलावा आम जनता तक भारतीय नागरिकों के संवैधानिक अधिकारों एवं दायित्वों का संदेश पहुंच सके। भारत सरकार द्वारा लिये गये निर्णय अनुसार डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती के अवसर पर 26 नवम्बर 2018 को सम्पूर्ण भारत में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा।

**मास्टर ट्रेनरों ने मतगणना में सभी प्रक्रियाओं एवं सावधानियां का विशेष ध्यान रखने के दिए निर्देश**

# प्रशिक्षण में शामिल हुए रायगढ़,जशपुर एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के अधिकारीःकर्मचारी





-संवाददाता-
जशपुरनगर 24 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

विधान सभा आम निर्वाचन-2023 के मतदान प्रक्रिया के पश्चात आगामी 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना के लिए राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर प्रणव सिंह, यू.एस.अग्रवाल एवं राज्य स्तर के मास्टर ट्रेनर ने रायगढ़ के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों को मतगणना संबंधी प्रशिक्षण दिया, मतगणना कार्य सुचारू संचालन होने संबंधी सम्पूर्ण जानकारी दी गई, इस मौके पर जशपुर जिले से अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी आर.पी. चौहान, एवं समस्त रिटर्निंग ऑफिसर, के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने प्रशिक्षण में मतगणना संबंधी जानकारी प्राप्त किये । आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्तर के मास्टर ट्रेनर प्रणव सिंह, यू.एस.अग्रवाल तथा



राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने सभी अधिकारियों को मतगणना प्रक्रिया की संपूर्ण जानकारी दी। उन्होंने कहा कि मतगणना की प्रक्रिया भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के अनुरूप किया जाना हैं। मतगणना के लिए राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की जानकारी प्रदान करने के साथ ही अभ्यर्थियों के अभिकर्ताओं के लिए परिचय पत्र जारी किया जाना हैं। उन्होंने मतगणना कक्ष में प्रवेश संबंधी सावधानियों की जानकारी दी एवं कहा कि कक्ष में अनिवार्य रूप से मोबाइल वर्जित किया गया हैं, इसका विशेष ध्यान रखे। इसके साथ ही उन्होंने मतगणना केंद्र में व्यापक सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जानकारी दी। इस दौरान उन्होंने मतगणना प्रक्रिया में आसानी हेतु टेबल वृद्धि के संबंध में जानकारी दी एवं आवश्यकतानुसार टेबल वृद्धि के लिए अनुमति की बात कही। उन्होंने मीडिया प्रवेश के संबंध में भी आवश्यक जानकारी प्रदान की। उन्होंने डाक मतपत्र के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि डाक मत पत्र के पात्र एवं अपात्र निर्णय पश्चात उनकी गणना की जाएगी। सर्विस वोटर्स से वापस प्राप्त डाक मतपत्रों की गणना भी उसी दिन सवेरे की जाएगी, इसके लिए भी समुचित तैयारी करें। ईवीएम मशीन से मतगणना, मतगणना केन्द्र की आधारभूत संरचना, गणना केंद्र में बैठक व्यवस्था, वीवीपैट पर्चियों से मतगणना, राउंड डिक्लेरेशन, परिणाम घोषणा से पूर्व की प्रक्रिया, मतगणना कक्ष में वीडियोग्राफी के संबंध में भी विस्तार पूर्वक जानकारी देते हुए मतगणना कक्ष में बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में ईवीएम मशीनों के माध्यम से अधिकारियों को भौतिक रूप से मतगणना संबंधी जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने प्रश्नोत्तर के माध्यम से अधिकारियों से मतगणना संबंधी प्रश्न पूछे।

# जिला निर्वाचन अधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने 3 दिसंबर को होने वाले मतगणना से पूर्व मतगणना स्थल का किया निरीक्षण



-संवाददाता-
कोरबा 24 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।

छत्तीसगढ़ राज्य विधानसभा के चौथे आम चुनाव दो चरणों में संपन्न होने के बाद आगामी तीन दिसंबर को बहु प्रतिक्षित मतगणना की जानी है। इस हेतु राज्य निर्वाचन आयोग के आदेशानुसार जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन कोरबा जिले के चार विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना आईटी कॉलेज में कराए जाने की तैयारी शुरू कर दी है। मतगणना स्थल में भारी पुलिस बल व सशस्त्र जवानों की तैनाती में मतगणना संपन्न कराई जाएगी। जानकारी के अनुसार जिला निर्वाचन अधिकारी एवं कलेक्टर सौरव कुमार तथा जिला पुलिस अधीक्षक जितेंद्र शुक्ला मतगणना स्थल आईटी कॉलेज का मुआयना करने के बाद वहां के स्ट्रॉंग रूम में रखी गई ईवीएम मतपेटियों की सुरक्षा के लिए मतदान के बाद से ही व्यापक सुरक्षा व्यवस्था करा दी है। अब आने वाले 3 दिसंबर को मतगणना की जाएगी। मतगणना स्थल पर जिला बल के एवं राज्य के अन्य पुलिस प्रशिक्षण केंद्रों से मंगाए गए 1000 के लगभग पुलिस जवानों व पैरामिलिट्री फोर्स के जवानों के कड़े पहरे के मध्य मतगणना की प्रक्रिया सुबह से शुरू कर दी जाएगी। इस दौरान पुलिस विभाग के राजपत्रित अधिकारी थाना प्रभारी, रक्षित निरीक्षक एवं यातायात पुलिस भी अपने-अपने दायित्वों का निर्वहन पुलिस अधीक्षक के द्वारा चार्ट में जारी किये गए दिशा निर्देशों के अनुरूप निभाएंगे। रक्षित निरीक्षक अनथराम पैकरा द्वारा मतगणना के दिन किन-किन लोगों को कहां और किस प्वाइंट पर लगाया जाना है उसकी भी चार्ट लिस्ट तैयार की जा रही है। पूरी तैयारी होने के बाद इसका रिहर्सल भी किया जाएगा। रिफ्लेक्टर पट्टी व बेटन लाइट की व्यवस्था मतगणना के दिन 3 दिसंबर को शाम होते ही यातायात पुलिस के एक प्रभारी एसआई गोवर्धन राम माझी, एएसआई मनोज राठौर, घनश्याम सिंह राजपूत, तरूण जायसवाल, मालिकराम जांगड़े तथा पांच प्रधान आरक्षकों क्रमश साहेबलाल खटकर, प्रवीण नारडे, शंखधर जायसवाल, मेहमान कुर्रे, पवन सिंह के अलावा 18 आरक्षक भी मतगणना स्थल के बाहर पार्किंग व्यवस्था एवं वाहनों के आवागमन को व्यस्थित करने में लगाए गए हैं।

# जिले में 4 दिसंबर तक मनाया जाएगा पुरुष नसबंदी पखवाड़ा

**सारथी रथ के माध्यम से आमजनों को परिवार नियोजन हेतु किया जाएगा जागरूक**

-संवाददाता-
कोरबा 24 नवम्बर 2023
(घटती-घटना)।




कलेक्टर सौरभ कुमार के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस. एन. केसरी के नेतृत्व में जिले में प्रतिवर्ष की भाँति परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत लैंगिक समानता को ध्यान में रखते हुए पुरूष नसबंदी पखवाड़ा 21 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2023 तक आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता रथ को सीएमएचओ डॉ. केसरी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर डीएचओ डॉ.सी.के.सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. कुमार पुष्पेश, डीपीएम डॉ.अशरफ अंसारी सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे। प्रचार-प्रसार रथ द्वारा जिले के सभी विकास खंडों में घुसकर परिवार नियोजन के स्थाई साधन पुरूष नसबंदी अस्थाई साधन जैसे निरोध, छाया, अंतरा, आई.यू.सी.डी, पी.पी. आई.यू.सी.डी. तथा महिला नसबंदी के संबंध में जागरूकता प्रदान किया जाएगा। सीएमएचओ ने बताया कि परिवार नियोजन भारत सरकार की नीतिगत अनिवार्यता है। जिले में पुरूष नसबंदी को बढ़ावा देने और निरोध के उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 21 नवम्बर 2023 से 04 दिसम्बर 2023 तक पुरूष नसबंदी पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इस संबंध में समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को इस पखवाड़े के सफल आयोजन हेतु दिशा-निर्देश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि यह पखवाड़ा दो भागों में बाँटा गया है। जिसके अंतर्गत 21 नवम्बर 2023 से 27 नवम्बर 2023 तक मोबिलाईजेशन फेस (दंपति संपर्क पखवाड़ा) आयोजित किया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य कार्यकर्ता तथा मितानिनों के द्वारा पुरूष गर्भनिरोधक (निरोध, पुरूष नसबंदी) के लिए इच्छुक जोड़ों की पहचान, संवेदीकरण और पंजीकरण किया जाएगा। ग्रामीण स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस में भी पुरूष नसबंदी के संबंध में जानकारी दी जा रही है तथा तथा जिले में सारथी रथ के द्वारा पुरूष नसबंदी का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

इसी प्रकार 28 नवम्बर से 04 दिसम्बर 2023 तक सर्विस डिलीवरी फेस आयोजित किया जाएगा। इसमें जिले के मेडिकल कॉलेज, शहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रानी धनराज कुंवर देवी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र कोरबा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कटघोरा, करतला, पाली तथा पोड़ी-उपरोड़ा में प्रमुखता से पुरूष तथा महिला नसबंदी शिविर रविवार को छोड़कर आयोजित किए जाएंगे। पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के पुरूष नसबंदी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी उपरोड़ा में तथा महिलाओं की नसबंदी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटघोरा में कराया जा सकता है। नसबंदी उपरांत हितग्राहियों को अंतराल महिला नसबंदी हेतु 2000 रुपए, प्रसवोत्तर महिला नसबंदी हेतु 3000 तथा पुरूष नसबंदी हेतु 3000 रुपए प्रोत्साहन राशि दिया जाएगा। सीएमएचओ ने कहा कि पुरूषों की नसबंदी में मात्र 10 मिनट का समय लगता है, साथ ही ऑपरेशन के समय कोई दर्द नहीं होता है ढ्ढ नसबंदी के बाद तुरंत घर जा सकते हैं एवं कोई शारीरिक कमजोरी नहीं आती। पुरुष नसबंदी उपरांत पहले की तरह शारीरिक श्रम कर सकते हैं। कलेक्टर सौरभ कुमार तथा सीएमएचओ डॉ. केसरी ने जिले के परिवार नियोजन के पात्र इच्छुक पुरूष हितग्राहियों तथा दंपतियों से अपने परिवार को सीमित रखने हेतु अधिक से अधिक संख्या में पुरूष नसबंदी (प्रमुखता से) कराने तथा परिवार नियोजन के अन्य साधन अपनाकर अपना व अपने परिवार का जीवन सुखी एवं खुशहाल बनाने की अपील की है।

न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) अम्बिकापुर,जिला सरगुजा,छ0ग0

ईश्तहार

रा0प्र0क्र0/ /अ-2/2022-23

एतद् द्वारा सर्व-साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संगीता सिन्हा आ0 संतोष कुमार सिन्हा जाति कायस्थ निवासी अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा (छ0ग0) के द्वारा अपने स्वामित्व एवं आधिपत्य की भूमि स्थित ग्राम अम्बिकापुर तहसील अम्बिकापुर खसरा नंबर 2215/3 रकबा 0.017 हे0 भूमि को कृषि भिन्न,आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन कराने के लिए भूमि बी-1, खसरा, नक्शा सेटलमेन्ट, ले-आउट, रजिस्ट्री की प्रति आदि सहित आवेदन प्रस्तुत किया है, जो इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो, तो निर्धारित सुनवाई तिथि 09/12/2023 को मेरे न्यायालय में अथवा अधीक्षक भू-अभिलेख के कार्यालय में स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा-आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
(रा.) अम्बिकापुर

# दिसंबर के दूसरे सप्ताह से शुरू होगी यूथ लीग

## इसमें 30 से अधिक अकादमियों को उनके सभी मापदंडों की जांच के बाद मान्यता दी गई है...



**नई दिल्ली,24 नवम्बर 2023।** अखिल भारतीय फुटबॉल महासंघ ने शुक्रवार को अंडर-17 संस्करण के साथ एआईएफएफ यूथ लीग की शुरुआत की घोषणा की, जो दिसंबर के दूसरे सप्ताह में शुरू होने वाली है। निष्पक्ष खेल सुनिश्चित करने के प्रयास में, एआईएफएफ आयु धोखाधड़ी को खत्म करने के लिए एक व्यापक रणनीति के हिस्से के रूप में, जनवरी से शुरू होने वाले अंडर-13 और अंडर-15 यूथ लीग के लिए टीडब्ल्यू3 टेस्ट आयोजित करेगा। 50 से अधिक टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जिसमें इंडियन सुपर लीग (आईएसएल), आई-लीग, आई-लीग 2 और एआईएफएफ अकादमी मान्यता के साथ एलीट अकादमियों की टीमों को सीधे प्रवेश दिया जाएगा।
एआईएफएफ अकादमी मान्यता का पहला दौर पूरा हो गया, जिसमें विशिष्ट श्रेणी की 30 अकादमियों को विभिन्न मानदंडों को पूरा करने के आधार पर मान्यता प्रदान की गई। मानदंड में आवासीय सेटअप, तकनीकी और प्रशासनिक कर्मचारी, चिकित्सा और शिक्षा प्रावधान और अन्य महत्वपूर्ण आवश्यकताएं जैसे कारक शामिल थे। उन्नत और बुनियादी मानदंड मान्यता बाद में पूरी की जाएगी।
राष्ट्रीय मान्यता को अपने उद्देश्य के प्रति सच्चा और निष्पक्ष बनाए रखने के लिए एआईएफएफ ने मान्यता प्राप्त अकादमियों के लिए औचक निरीक्षण करने की योजना बनाई है। मान्यता नीति के अनुसार मानदंडों के प्रति किसी भी विसंगति या गैर-अनुपालन के कारण अकादमी की मान्यता रद्द की जा सकती है।
एआईएफएफ के अध्यक्ष कल्याण चौबे ने कहा, इस साल, लीग में थोड़ी देरी हुई है। तीन वर्षों के बाद, लड़कों और लड़कियों के लिए जूनियर और सब-जूनियर राष्ट्रीय फुटबॉल चैंपियनशिप टियर 1 और 2 का आयोजन किया गया।
अब, हम राष्ट्रीय युवा लीग शुरू करने जा रहे हैं, जिसके लिए 30 से अधिक अकादमियों को उनके सभी मापदंडों की जांच के बाद मान्यता दी गई है। उनके साथ आई-लीग और आईएसएल जूनियर टीमें भी हिस्सा लेंगी। हम पहले यू17 लीग से शुरुआत करेंगे, उसके बाद यू15 और यू13 से। प्रतिभाओं की पहचान करने के लिए यू13 लीग के अधिकांश खेलों में स्पॉटर्स होंगे।
एआईएफएफ यूथ लीग का लक्ष्य समावेशी होना है, जो एआईएफएफ सदस्य संघों से नामांकन के लिए निमंत्रण प्रदान करता है, जिन्होंने अपने राज्यों में यूथ लीग का सफलतापूर्वक संचालन किया है। यह सहयोगात्मक दृष्टिकोण भारत की उभरती फुटबॉल प्रतिभा के लिए एक गतिशील और प्रतिस्पर्धी मंच तैयार करना चाहता है, जो भारतीय फुटबॉल में एक जीवंत भविष्य के लिए मंच तैयार करेगा।



## मानवी जैन को राष्ट्रीय निशानेबाजी में स्वर्ण

**भोपाल,24 नवम्बर 2023।** मध्य प्रदेश की मानवी जैन ने यहां एमपी राज्य निशानेबाजी अकादमी रेंज में पिस्टल स्पर्धाओं के लिए 66वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैंपियनशिप में जूनियर महिला 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल स्पर्धा का खिताब जीता। स्थानीय निशानेबाज मानवी ने 566 अंक के साथ खिताब जीता। दिल्ली की नाम्या कपूर (561) दूसरे स्थान पर रहीं। इस बीच नयी दिल्ली की डॉ. कर्णी सिंह निशानेबाजी रेंज में राइफल स्पर्धाओं में तेलंगाना के धनुष श्रीकांत ने पुरुष बधिर 10 मीटर एयर राइफल वर्ग में नया राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया।वह क्वालीफिकेशन में 626.4 अंक के साथ शीर्ष पर रहे। दूसरे स्थान पर रहे उत्तराखंड के शौर्य सैनी ने भी मौजूदा राष्ट्रीय रिकॉर्ड से बेहतर प्रदर्शन करते हुए 625.4 अंक जुटाए। पुरुष 10 मीटर एयर राइफल में पश्चिम बंगाल के अभिनव साव क्वालीफिकेशन 633.3 अंक के साथ शीर्ष पर रहे।

## नोवाक जोकोविच ने रचा इतिहास

**सार्विया,24 नवम्बर 2023।** डेविस कप टेनिस जीतने वाले सबसे सफल सर्बियाई खिलाड़ी बने नोवाक जोकोविच लगातार 21वीं एकल जीत के साथ डेविस कप टेनिस इतिहास के सबसे सफल सर्बियाई खिलाड़ी बने जिससे उनकी टीम ने तीन साल में दूसरी बार सेमीफाइनल में जगह बनाई। दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी जोकोविच ने कैमरन नोरी को 6-4, 6-4 से हराकर सर्बिया को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 2-0 की जीत दिलाई। वहीं अब सर्बिया का मुकाबला इस शीर्ष पुरुष टीम प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में सोमवार को इटली से होगा।वहीं, जीत के बाद जोकोविच ने कहा, ''देश के लिए खेलना हमेशा सबसे ज्यादा दबाव और प्रेरणा भरा होता है। लंबे सत्र के बाद हम पैरों में थकान महसूस कर सकते हैं। अब हमें इटली ने खेलना है। वे काफी मजबूत टीम हैं। हम कड़ी टक्कर देंगे।'' इसके साथ ही जोकोविच की यह डेविस कप में रिकॉर्ड 44 वीं जीत थी जिससे वह नेनाद जिमोनजिच से एक जीत आगे निकल गए हैं। जोकोविच देश के लिए 10 एकल मुकाबले जीत चुके हैं। दूसरी तरफ इटली ने क्वार्टर फाइनल में नीदरलैंड को 2-1 से हराकर लगातार दूसरे सत्र में सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पहले मैच में नीदरलैंड के बोटिच वान डि जेंड्सशुल्प ने अंतिम टाईब्रेकर में तीन मैच प्वाइंट बचाने के बाद मातियो अर्नाल्डी को 6-7 (6) 6-3 7-6 (7) से हराकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई। यानिक सिनर ने टेलोन ग्रीक्सपूअर को 7-6 (3) 6-1 से हराकर इटली को बराबरी दिलाई। उन्होंने इसके बाद लोरेंजो सोनेगो के साथ मिलकर निर्णायक युगल मुकाबले में ग्रीक्सपूअर और वेस्ली कूलहोफ की जोड़ी को 6-3, 6-4 से हराकर इटली की जीत सुनिश्चित की।

# मैरी-लुईस एटा बुंडेसलिगा में पहली महिला सहायक कोच बनने के लिए तैयार



**एटा,24 नवम्बर 2023।** आज यूनियन बर्लिन के मैच में मैरी-लुईस एटा बुंडेसलिगा के 60 साल के इतिहास में पहली महिला सहायक कोच बनने के लिए तैयार हैं।
अंतरराष्ट्रीय ब्रेक के दौरान लोकप्रिय उर्स फिशर की बर्खास्तगी के बाद यूनियन ने एटा को अंतरिम कोच मार्को ग्रोट के सहायक के रूप में नियुक्त किया।
फिशर ने साढ़े पांच वर्षों में टीम को अभूतपूर्व सफलता दिलाई, लेकिन यूनियन लगातार नौ हार के बाद इस सीज़न में अंतिम स्थान पर है।
ग्रोट और एटा को यूनियन की अंडर-19 टीम से पदोन्नत किया गया था, जो सीनियर टीम के बुलाए जाने से पहले इसकी घरेलू लीग और यूईएफए यूथ लीग प्रतियोगिताओं दोनों में तीसरे स्थान पर थी। उनका पहला गेम प्रभारी ऑग्सबर्ग के खिलाफ घरेलू मैच है, जो चार गेमों से अजेय है।
इस तथ्य के बावजूद कि 1963 में बुंडेसलिगा के गठन के बाद से एटा लीग में कोचिंग स्टाफ की पहली महिला सदस्य होगी, यूनियन, एक क्लब के रूप में, केवल अपनी अनिश्चित खेल स्थिति पर ध्यान केंद्रित करना चाहता है।
यह एक महिला के लिए एक सचेत निर्णय नहीं है। मुझे लगता है कि यह इस फैसले को लगभग बदनाम कर देता है,यूनियन अध्यक्ष डिर्क ज़िंगलर ने एटा की नियुक्ति के बारे में कहा। मेरे लिए वह पूरी तरह से योग्य फुटबॉल कोच है और मैं उसे बिल्कुल इसी तरह देखता हूं, चाहे वह महिला हो या पुरुष। यह फैसला किसी महिला के लिए सवाल नहीं था, बल्कि टीम के साथ काम करने वाले एक फुटबॉल कोच के लिए फैसला था।
ग्रोट और एटा ने सोमवार को अपने पहले प्रशिक्षण सत्र का नेतृत्व किया, हालांकि कई खिलाड़ी अभी भी अंतरराष्ट्रीय ड्यूटी पर अनुपस्थित थे। इटालियन डिफेंडर लियोनार्डो बोनुची अंतरराष्ट्रीय ब्रेक से पहले बेयर लीवरकुसेन में 4-0 की हार में जांघ की चोट के कारण भाग लेने में असमर्थ थे।
32 वर्षीय एटा, एक पूर्व रक्षात्मक मिडफील्डर, ने 26 साल की उम्र में अपना खेल करियर समाप्त कर दिया, जब वह वेर्डर ब्रेमेन की अंडर -15 लड़कों की टीम के साथ कोचिंग करने लगी।


## यूरो 2024 में जगह बनाने के लिए आपस में भिड़ सकते हैं इजराइल और यूक्रेन



**पोर्टब्लेयर,24 नवम्बर 2023।** वर्तमान में युद्ध लड़ रहे दो देश इजरायल और यूक्रेन अगले साल की यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप में जगह बनाने के लिए एक-दूसरे से भिड़ सकते हैं। प्ले ऑफ ड्रॉ के अनुसार दोनों राष्ट्रीय टीम को एक ही क्वालीफाइंग पथ पर रखा गया है और मार्च में संभावित निर्णायक मुकाबला होगा।
प्ले ऑफ सेमीफाइनल में इजराइल को आइसलैंड से भिड़ना है जबकि यूक्रेन का सामना बोस्निया-हर्जेगोविना से होगा। प्ले ऑफ में जगह बनाने वाली 12 टीमें 21 मार्च को छह सेमीफाइनल मैच खेलेंगी जबकि तीन फाइनल 26 मार्च को होने हैं।
युद्ध के कारण न तो इजराइल और न ही यूक्रेन वर्तमान में घरेलू मुकाबलों की मेजबानी कर सकते हैं। यदि वे दोनों प्लेऑफ फाइनल में पहुंचते हैं तो किसी तटस्थ देश में खेल सकते हैं।
अन्य प्ले ऑफ ब्रैकेट में वेल्स को फिनलैंड की मेजबानी करनी है और इस मैच का विजेता पोलैंड या एस्टोनिया की मेजबानी करेगा। जॉर्जिया या लग्जबर्ग को यूरो 2004 चैंपियन यूनान या कजाखस्तान की मेजबानी करनी होगी।

# फजल अत्राचली को गुजरात जायंट्स का कप्तान बनाया गया

**नई दिल्ली,24 नवम्बर 2023।** भारत के सबसे पसंदीदा खेलों में से एक, कबड्डी, प्रो कबड्डी लीग के 10वें सीज़न के साथ जल्द ही वापस आएगा, जो अहमदाबाद शहर में शुरू होगा। और बड़े दिन से पहले, अहमदाबाद और गुजरात की अपनी टीम, गुजरात जाइंट्स ने फज़ल अत्राचली को टीम का कप्तान घोषित किया है, जबकि रोहित गुलिया उप-कप्तान हैं। टीम को कुशल रणनीतिज्ञ और अनुभवी कोच राम मेहर सिंह द्वारा प्रशिक्षित किया जाता है।
गुजरात जायंट्स 2017 और 2018 में दो बार फाइनलिस्ट रहे हैं, और प्रतिष्ठित पीकेएल खिताब हासिल करके टीमों के एक विशिष्ट समूह में शामिल होने के लिए उत्सुक होंगे। संयोग से, 2017 के अभियान में, फ़ज़ल उस जायंट्स टीम का हिस्सा थे जो फाइनल में पहुंची थी। 31 वर्षीय डिफेंडर पीकेएल के दो बार विजेता और तीन बार एशियाई खेलों के पदक विजेता रहे हैं और दिग्गजों के लिए नेतृत्व करने के लिए उच्चतम स्तर पर अपने सभी अनुभव का उपयोग करना चाहेंगे।
÷पीकेएल सीज़न 10 में, सभी खिलाड़ियों के बीच, फ़ज़ल सबसे सम्मानित खिलाड़ियों में से एक है और उसने अपने करियर में बहुत सारे पदक जीते हैं। मैंने फ़ज़ल के साथ पहले भी काम किया है, और वह एक महान खिलाड़ी है, और हमारे



दिमाग में है गुजरात जायंट्स के कोच राम मेहर सिंह ने कहा, ÷अडानी की गुजरात जायंट्स की कप्तानी के लिए वह हमारी स्पष्ट पसंद थे।÷
राकेश और पार्टिक दहिया जैसे खिलाड़ियों के भरपूर वादे और फज़ल की वापसी के साथ, गुजरात के दिग्गजों के पास अच्छी खासी प्रतिभा है। उनके साथ, रोहित और सौरव गुलिया, विकास जगलान, अरकम शेख, जीबी मोरे और ईरानी ऑलराउंडर मोहम्मद एस्माईल नबीबख्श भी हैं। ऐसी महान प्रतिभा और अनुभव के साथ, गुजरात जायंट्स का लक्ष्य सीज़न की ठोस शुरुआत करना होगा।
मुख्य कोच राम मेहर सिंह ने कहा कि टीम, जो नई दिल्ली में स्थित है, यह सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है कि वे सही समय पर शिखर पर पहुंचें और फॉर्म में रहें।
÷गुजरात जायंट्स एक बहुत बड़ी टीम है और टीम में वापस आना मेरे लिए खुशी की बात है। मुझे टीम का नेतृत्व करते हुए खुशी हो रही है और टीम में हमारे पास कई युवा खिलाड़ी हैं। मुझे पता है कि हम सभी एक साथ मिलकर अच्छा काम करते हैं।÷ एक ऐसा कप्तान जो मेरा काम आसान कर देता है। और मैं इस बात से खुश हूं कि चीजें कैसे आकार ले रही हैं,÷ फज़ल अत्राचली ने कहा।
गुजरात जायंट्स अपने सीज़न की शुरुआत 2 दिसंबर को तेलुगु टाइटंस के खिलाफ खेल से करेंगे, जो टूर्नामेंट का शुरुआती दिन है। अहमदाबाद के सभी खेल द ट्रांसस्टेडिया में खेले जाएंगे। प्रो कबड्डी लीग का 10वां सीज़न तीन साल बाद कारवां प्रारूप में वापसी का भी प्रतीक है।

## माइकल वॉन ने सीडब्ल्यूसी 2023 फाइनल में अंपायर रिचर्ड केटलबोरो को 'स्टार ऑफ द मैच' चुना

**नई दिल्ली,24 नवम्बर 2023।** अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया द्वारा भारत के खिलाफ वनडे विश्व कप 2023 जीतने के बाद, इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर माइकल वॉन ने कहा कि अंपायर रिचर्ड केटलबोरो को फाइनल गेम में 'स्टार ऑफ द मैच' होना चाहिए था। प्रतियोगिता।



'क्लब प्रेयरी फायर' नामक पॉडकास्ट में बोलते हुए, वॉन ने कहा कि ऑस्ट्रेलियाई सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड मैच के स्टार के लिए एक प्रमुख उम्मीदवार थे। उन्होंने यह भी कहा कि ऑस्ट्रेलिया के कप्तान पैट कमिंस ने उन्हें अपनी कप्तानी से प्रभावित किया है।
समापन करते हुए वॉन ने केटलबोरो की प्रशंसा की और कहा कि उन्होंने नरेंद्र मोदी स्टेडियम में शानदार खेल दिखाया।मुझे लगता है कि आप सही हैं। ट्रैविस हेड स्पष्ट रूप से एक प्रमुख उम्मीदवार थे। मुझे लगता है कि आप सही हैं, पैट कमिंस, मेरे लिए, उनकी कप्तानी उल्लेखनीय थी, वह खेल के बीच में जब उन्होंने केएल राहुल और विराट को मौका नहीं देने के लिए हर ओवर में गेंदबाज बदले। कोहली शांत हो गए, और फिर वह आए और विराट कोहली को आउट कर दिया। मेरे स्टार अंपायर रिचर्ड केटलबोरो होंगे; उन्हें बनना ही होगा। उनका खेल बहुत अच्छा है। अगर उनकी उंगली ऊपर हो गई होतीज,÷ वॉन ने कहा .
टूर्नामेंट के फाइनल मैच में, ऑस्ट्रेलिया के पहले क्षेत्ररक्षण के लिए चुने जाने के बाद भारत को कठिन बल्लेबाजी के लिए संघर्ष करना पड़ा, जिसमें केएल राहुल (66) और विराट कोहली (54) के अर्धशतक शामिल थे। 'मेन इन ब्लू' अपने 50 ओवरों में 240 रन पर ढेर हो गई। 241 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रैविस हेड (137) और मार्नस लाबुशेन (58*) ने ऑस्ट्रेलिया को छठा विश्व कप खिताब दिलाया।

## टोटेनहम हॉटस्पर के दिग्गज मुंबई,बेंगलुरु का दौरा करेंगे



**नई दिल्ली,24 नवम्बर 2023।** टोटेनहम हॉटस्पर के दिग्गज लेडली किंग और ओस्सी अर्डीलिस प्रशंसकों के साथ जुड़ने और जमीनी स्तर पर फुटबॉल के विकास को बढ़ावा देने के लिए क्लब द्वारा आयोजित कार्यक्रमों और गतिविधियों की एक श्रृंखला का समर्थन करने के लिए भारत का दौरा करेंगे। क्लब के पूर्व कप्तान, लेडली और 1978 विश्व कप विजेता, ओस्सी, शुक्रवार को मुंबई पहुंचें और रविवार, 26 नवंबर को फीनिक्स मार्केट सिटी के डबलिन स्क्वायर में एस्टन विला के खिलाफ टोटेनहम हॉटस्पर के प्रीमियर लीग मुकाबले की एक वॉच पार्टी में भाग लेंगे।

## दृष्टिहीनों के लिए राष्ट्रीय टी 20 क्रिकेट टूर्नामेंट जम्मू में शुरू

**नई दिल्ली,24 नवम्बर 2023।** पुरुषों के राष्ट्रीय दृष्टिबाधित टी20 क्रिकेट टूर्नामेंट 2023-24 का छठा संस्करण, जिसे नागेश ट्रॉफी के नाम से भी जाना जाता है, यहां जम्मू में पहले दिन चार टीमों के बीच संघर्ष के साथ शुरू हुआ।नागेश ट्रॉफी 23 नवंबर 2023 से 30 जनवरी 2024 तक खेली जा रही है। लीग चरण 29 दिसंबर 2023 तक खेला जाएगा।
ग्रुप ई में नागेश ट्रॉफी के लीग चरण के पहले मैच में, जम्मू और कश्मीर ने यहां जम्मू विश्वविद्यालय में भारतीय रेलवे को 82 रनों से हरा दिया। गुरुवार को लीग चरण के दूसरे मैच में गोवा ने यहां जम्मू विश्वविद्यालय में पंजाब को तीन विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए, जम्मू-कश्मीर ने निर्धारित 20 ओवरों में मोहम्मद अज़ीम के 77 गेंदों में 158



रनों की मदद से 234/4 का विशाल स्कोर बनाया। इसके बाद टीम ने रेलवे को 18 ओवर में 152 रन पर आउट कर जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की।
लीग चरण का दूसरा मैच कांटे का रहा क्योंकि गोवा ने आखिरी ओवर में पंजाब को तीन विकेट से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पंजाब निर्धारित 20 ओवर में 161 रन पर आउट हो गई। गोवा को शुरू में लक्ष्य का पीछा करने में संघर्ष करना पड़ा, लेकिन रवि एम के शानदार बल्लेबाजी प्रदर्शन ने यह सुनिश्चित कर दिया कि टीम 2 गेंद शेष रहते ही लक्ष्य को पार कर जाए।
पूर्व भारतीय क्रिकेटर मोहम्मद कैफ ने भी नागेश ट्रॉफी के ब्रांड एंबेसडर के रूप में क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया से हाथ मिलाया है।29 दिसंबर, 2023 को लीग मैच समाप्त होने के बाद, क्रिकेट एसोसिएशन फॉर द ब्लाइंड इन इंडिया समर्थनम ट्रस्ट फॉर द डिसेबल्ड के सहयोग से जनवरी 2024 में नागपुर, महाराष्ट्र में सुपर 8 स्टेज मैच आयोजित करेगा।इंडसइंड बैंक नागेश ट्रॉफी के छठे संस्करण के लीग मैच 6 स्थानों, जम्मू, देहरादून (उत्तराखंड), कोच्चि (केरल), चंडीगढ़, अगरतला (त्रिपुरा) और कोटा (राजस्थान) में खेले जाएंगे।

## झनक में अर्शी के किरदार के लिए मैंने तुरंत हामी भर दी:चांदनी शर्मा

एक्ट्रेस चांदनी शर्मा अपकमिंग शो झनक में अर्शी की भूमिका निभाने के लिए तैयार हैं। उन्होंने साझा किया कि वह आखिरी व्यक्ति थीं, जिन्हें अन्य स्टार कलाकारों के बीच शो के लिए चुना गया था। उन्होंने अपने किरदार के बारे में बताया।शो में, हिबा नवाब मुख्य नायक के रूप में क्रुशाल आहूजा उर्फ अनिरुद्ध के साथ झनक की मुख्य भूमिका निभाती नजर आएंगी और चांदनी अर्शी का किरदार निभाएंगी।



अपनी कास्टिंग के बारे में बात करते हुए, चांदनी ने साझा किया÷ मुझे लगता है कि अन्य लोगों के अलावा मैं शो के लिए चुनी जाने वाली आखिरी व्यक्ति थी। जब मुझे अर्शी के किरदार के बारे में बताया गया, तो मुझे इसमें दिलचस्पी हुई और मैंने तुरंत इसे स्वीकार करने का फैसला किया और मुझे अर्शी की भूमिका के लिए फाइनल कर लिया गया।इश्क में मरजावां 2 फेम एक्ट्रेस ने आगे अपने किरदार के बारे में जानकारी साझा करते हुए कहा कि अर्शी आज की जनरेशन की लड़की है। महत्वाकांक्षी होने के कारण वह भरोसेमंद होगी।उन्होंने कहा, अर्शी के किरदारों में कई परतें हैं, और हर स्थिति के साथ, दर्शकों को अर्शी की विभिन्न भावनाओं को देखने का मौका मिलेगा। असल जिंदगी में अर्शी और मैं एक जैसे हैं, हम दोनों महत्वाकांक्षी हैं और डांस को लेकर जुनूनी हैं। मैं एक निश्चित स्तर पर अर्शी से जुड़ी हुई हूं, आपको उन गुणों और भावनाओं को भी चित्रित करने का मौका मिलता है जो वास्तविक जीवन में आपके पास नहीं हैं।

## नागा चैतन्य की पहली वेब सीरीज धूथा का ट्रेलर जारी,1 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर होगी स्ट्रीम

नागा चैतन्य साउथ के फेमस एक्टर हैं. नागा आज अपना बर्थडे सेलिब्रेट कर रहे हैं. इस मौके पर एक्टर ने अपने फैंस को बड़ा तोहफा दिया है. दअसल नागा चैतन्य की मोस्ट अवेटेड सीरीज 'धूथा' का ट्रेलर आज जारी कर दिया गया है.




गुरुवार को, सुपरनेचुरल सस्पेंस-थ्रिलर के मेकर्स ने तेलुगु ओरिजल सीरीज का ट्रेलर जारी किया. ट्रेलर काफी दमदार है और इसे देखने के बाद फैंस काफी एक्साइटेड हो गए हैं और अब हर कोई 'धूथा' की रिलीज का बेसब्री से इंतजार कर रह है. ट्रेलर से रिवील हो गया है कि नागा चैतन्य अपने ओटीटी डेब्यू में एक पत्रकार की भूमिका निभाएंगे. इसमें हॉरर एलिमेंट तब एड होता है जब नागा को पता चलता है कि न्यूजपेपर भयावह घटनाओं की भविष्यवाणी कर रहे हैं. नागा चैतन्य के अलावा, आठ-एपिसोड की सीरीज में पार्वती थिरुवोथु, प्रिया भवानी शंकर और प्राची देसाई भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं. इसका निर्देशन विक्रम के कुमार ने किया है.अपने ओटीटी डेब्यू के बारे में बात करते हुए, नागा चैतन्य ने शेयर किया कि वह रोमांचित और उत्साहित हैं. उन्होंने कहा, इस तरह की मार्मिक कहानी में सागर जैसे परतदार कैरेक्टर के साथ, मैंने सोचा कि मैं अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलूंगा और खुद को उस तरह से चुनौती दूंगा जो मैंने पहले नहीं की है. हालांकि यह एक काल्पनिक कहानी है, धूथा थॉट प्रोवोकिंग है, क्योंकि यह दर्शकों को अपने जीवन के फैसलों और चॉइस पर रीथिंक करने करने पर मजबूर करती है और मुझे विश्वास है कि मेरे फैंस के साथ-साथ थ्रिलर स्टाइल लवर्स को प्राइम वीडियो पर सीरीज देखने में काफी मजा आएगा. बता दें कि नागा की ओटीटी डेब्यू सीरीज 'धूथा' 1 दिसंबर को प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी.

# एनिमल का ट्रेलर जारी

पिछले काफी समय से रणबीर कपूर की फिल्म एनिमल चर्चा में है। अब जबकि यह रिलीज के बेहद करीब पहुंच गई है तो इसकी चर्चा तेज हो गई है।यह इस साल की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक है। फिल्म के पोस्टर और टीजर पहले ही खूब धमाल मचा चुके हैं और कई दिनों से दर्शक इसके ट्रेलर की राह देख रहे थे।अब आखिरकार दर्शकों का इंतजार खत्म हो गया है। एनिमल का ट्रेलर रिलीज हो चुका है।




रणबीर ने कहा था कि एनिमल उनकी पिछली ऑनस्क्रीन छवि को बदलकर रख देगी और ट्रेलर देखने के बाद अब आप भी यही कहेंगे।रणबीर ने सचमुच फिर कमाल कर दिया है। उन्हें देख आपके मुंह से बस वाह निकलेगा। एक बेहद चुनौतीपूर्ण भूमिका को उन्होंने पूरे दिल से पर्दे पर जिया है। उनका खतरनाक एक्शन और बैकग्राउंड म्यूजिक रोंगटे खड़े कर देता है।कुल मिलाकर ट्रेलर ने फिल्म की रिलीज को लेकर दर्शकों की बेचैनी और बढ़ा दी है।
खून से लथपथ बॉबी देओल भी ट्रेलर में सरप्राइज बनकर उभरे हैं। उनका अंदाज चौंकाता है। बिना कुछ बोले उन्होंने अपनी छाप छोड़ी है। फिल्म में अनिल कपूर, रणबीर के पिता बने हैं। बाप-बेटे के बीच खींचतान से भरा रिश्ता इसे और दर्शनीय बनाता है।
एनिमल के ट्रेलर में रणबीर के कई अलग-अलग अवतार देखने को मिले हैं। उनका किरदार बचपन से शुरू होकर किशोरावस्था, जवानी और प्रौढ़ता तक आता है। अपने हर गेटअप में वह अपने करिश्माई अंदाज का जादू चलाने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। रणबीर जिस तरह से एक्शन करते हैं, उससे बखूबी अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के एक्शन दृश्यों का स्तर क्या होने वाला है।अगर फिल्म भी ट्रेलर जितनी धमाकेदार हुई तो यह यकीनन ब्लॉकबस्टर होगी।

# सट्टा अपराधियों की बढ़ी मुसीबत

**» ऑनलाइन सट्टा:असीम दास और भीम सिंह की न्यायिक रिमांड बढ़ी**

**रायपुर,24 नवम्बर 2023(ए)।** ईडी ने शुक्रवार को असीम दास और पुलिस कॉन्स्टेबल भीम सिंह को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया। कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के बाद किसी भी तरह की राहत देने से इनकार कर दिया। भीम की ओर से 1 दिसंबर को जमानत याचिका लगाई गई है, जिस पर सुनवाई होगी। छत्तीसगढ़ में ऑनलाइन सट्टा ऐप मामले में पकड़े गए आरोपी असीम दास और पुलिस कॉन्स्टेबल भीम सिंह की न्यायिक रिमांड 1 दिसंबर तक बढ़ा दी गई है। इससे पहले दोनों को 24 नवंबर तक के लिए जेल भेजा गया था।




अब तक की जांच में पता चला है कि आरोपी पुलिसकर्मी भीम के दो भाई सहदेव और अर्जुन भी पुलिस में ही काम करते हैं। ये दोनों भी इस गैंग से जुड़े रहे। कमीशन लेकर सटोरियों के लिए काम कर रहे थे।

खबर है कि इन दोनों की ओर से अग्रिम जमानत की दरख्वास्त अदालत में दी जा सकती है। पहले भी सहदेव के खिलाफ ऑनलाइन सट्टा को लेकर जांच हुई और तत्कालीन एसपी अभिषेक पल्लव ने सस्पेंड किया था। फिलहाल श्वष्ठ इन दोनों को भी खोज रही है।

ईडी ने 2 नवंबर को असीम दास से 5 करोड़ 39 लाख रुपए बरामद करने के बाद उसे रायपुर से गिरफ्तार किया था। उसके साथी कॉन्स्टेबल भीम सिंह यादव को भी श्वष्ठ ने 3 नवंबर की शाम 5 बजे रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। इसके बाद से ही दोनों जेल में हैं।

दोनों पर दुबई में मौजूद सट्टा केस में फरार सौरभ चंद्राकर और रवि उप्पल के साथ मिलकर काम करने का आरोप है। असीम दास पेशे से ड्राइवर है। श्वष्ठ को आशंका है कि उसके घर से मिला पैसा ऑनलाइन सट्टा एप का है, जिसे चुनाव में खर्च करने के लिए रखा गया था। 2 नवंबर को ईडी के अधिकारी कार्रवाई के लिए असीम दास के घर का ताला तोड़कर उसके मकान में घुसे थे।

इसके साथ ही रायपुर के एक होटल से असीम दास को गिरफ्तार किया गया था। कार्रवाई करते हुए होटल के कमरे और गाड़ी से 3.12 करोड़ रुपए जब्त किए गए थे। श्वष्ठ के वकील ने कहा कि भीम सिंह यादव सुपेला पुलिस में कॉन्स्टेबल है।

हमें जानकारी मिली थी कि वह 3 बार दुबई गया था। 2 यात्राओं में वह महादेव एप के प्रमोटर्स से भी मिला। उसकी बुकिंग भी इन लोगों ने ही कराई थी। इसके अलावा जो पैसा आया है, वह भी इलेक्शन के समय में पॉलिटिकल पार्टी को डिस्ट्रिब्यूट हो रहा था।

# साइबर गिरोह ने घर बैठे कमाने का झांसा देकर ठग लिए 14 लाख रूपये

**रायपुर,24 नवम्बर 2023(ए)।** ठगी का एक तरीका आम होते ही साइबर ठग तत्काल दूसरा तरीका अपनाना शुरू कर देते हैं। ऐसा ही एक वाकया राजधानी रायपुर में हुआ है। इस ठगी में जो तरीका अपनाया गया है उससे कोई भी व्यक्ति इनके झांसे में आ सकता है। इस मामले में घर बैठे कमाने का झांसा देकर ठगों ने पहले एक महिला को 3 गुना लाभ दिया फिर 14 लाख से अधिक की आनलाइन ठगी कर ली। पीड़ित महिला ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।



### वेबसाइट रिव्यू का दिया काम

शंकर नगर निवासी महिला सुदीप्ति को पहले वेबसाइट का रिव्यू करने पर 150 रुपए देने का झांसा दिया गया। उसने कुछ वेबसाइट का रिव्यू किया। इसके एवज में पैसे दिए गए। उसके बाद 1000 रुपए जमा करने पर 3 हजार रूपये देने का झांसा दिया गया। ठग के बताए अनुसार महिला ने यह प्रक्रिया अपनाई। फिर उसे 3 हजार मिले। जब उसने 3 हजार रूपया जमा किया तो 7800 रुपए मिले। इतनी रकम मिलने के बाद सिदीप्ति को उन पर विश्वास हो गया।

### ज्यादा लालच किया तो हो गई ठगी का शिकार

उसके बाद ठग ने अक्टूबर-22 से 23 नवंबर- 23 के बीच महिला से 19 बार किश्तों में 14.45 लाख जमा कराए, लेकिन इस बार पैसे वापस नहीं मिले। उसने यह रकम अलग-अलग खाते में जमा कराया। ठग ने तिगुना पैसा देने का झांसा दिया था। लेकिन इतनी रकम निवेश कराने के बाद भी वे पैसे मांगते रहे। तब महिला सुदीप्ति को शक हुआ। सुदीप्ति ने रिश्तेदारों से कर्ज लेकर ठग को पैसा दिया है। अब उसे आर्थिक संकट आ गया है। मामले में शिकायत के बाद पुलिस ठग के फोन नंबर और खाते के आधार पर उसकी तलाश में जुट गई है।

# मोदी की गारंटी है तो पूरे देश में 450 में सिलेंडर दे दीजिए प्रधानमंत्री जी:सीएम भूपेश

**रायपुर,24 नवम्बर 2023(ए)।** अगर मोदी की गारंटी है तो पूरे देश में ₹450 में सिलेंडर दे दीजिए। जनता को केंद्र सरकार के प्रकोप से कुछ तो राहत मिलेगी ही। पूरे देश में ₹450 में सिलेंडर दे दीजिए, भेदभाव क्यों प्रधानमंत्री जी, यह बात छग के सीएम भूपेश बघेल ने सोशल मीडिया में कही है।




उन्होंने अपने एक पोस्ट में लिखा, प्रधानमंत्री तो पूरे देश का होता है, फिर वह राज्यों की जनता के साथ भेदभाव कैसे कर सकता है? खैर, मोदी जी की गलत नीतियों के कारण देशवासी महंगाई से त्रस्त हैं यह तो उन्होंने स्वयं ही स्वीकार कर लिया है।

बता दें कि बीजेपी ने राजस्थान में अपनी सरकार आने के बाद 450 रुपए में सिलेंडर देने की बात गई है। वहीं इसके जवाब में सीएम अशोक गहलोत ने भी दो कदम आगे बढ़ते हुए कहा है कि यदि उनकी सरकार रिपीट हुई तो, लोगों को 400 रुपए में सिलेंडर मिलेगा। बीजेपी और कांग्रेस दोनों के चुनावी दावों को लेकर सियासत में पारा चढ़ा हुआ है।

# कांग्रेस ने किसानों को बनाया कर्जदार: अरुण साव

**बिलासपुर,24 नवम्बर 2023(ए)।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने कहा, किसानों को कांग्रेस पार्टी ने कर्जदार बनाया है। कांग्रेस ने किसानों का शोषण किया, धोखा दिया. एक हाथ से देकर दो हाथ से लूटने का काम कांग्रेस ने किया। किसान इस बार बीजेपी के साथ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का बड़ा बयान सामने आया है. उन्होंने कहा, भाजपा में अनुशासन हीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी. समीक्षा में जहां भी शिकायत आएगी कड़ी कार्रवाई होगी.साव ने कहा, सभी 90 विधानसभा सीटों के प्रत्याशी और पदाधिकारियों से बात हो रही है। भाजपा छत्तीसगढ़ में पूर्ण बहुमत से सरकार बनाएगी। प्रदेश की महिलाओं और किसानों का भाजपा को साथ मिला. कांग्रेस ने केवल किसानों को कर्ज में डुबाने का काम किया।








# तीन दुकानों में ड्रग डिपार्टमेंट ने दी दबिश

**» ड्रग ऑफिसर ने कहा कर रहे स्टॉक की जांच**

**रायपुर,24 नवम्बर 2023(ए)।** रायपुर और नयापारा में तीन दुकानों में ड्रग डिपार्टमेंट ने दबिश दी है। ड्रग डिपार्टमेंट के अधिकारी उक्त दुकानों में दवाइयों का स्टॉक, खासकर नशे में प्रयुक्त होने वाली उन दवाओं के स्टॉक की जांच कर रहे हैं जिसे नशेड़ी युवक ले रहे हैं। डूमरतराई के शिव शंकर स्टोर और ब्यूटी सेंटर में भी टीम के अधिकारी छापा मरे हैं। इसी तरह नयापारा के अग्रवाल स्टोर में ड्रग डिपार्टमेंट की एक टीम जांच में जुटी हुई है। समाचार लिखे जाने तक विभागीय टीम स्टॉक, ऑर्डर और बिक्री समेत खतरनाक दवाओं का मिलान कर रही हैं। कॉम्समेटिक्स के नाम पर अवैध रूप से दवा बेच रहे थे दुकानदार। छापे में डिपार्टमेंट को मिली दुकानों से मिली लाखों रुपए की दवाइयां। गोरा करने और झुरियां खत्म करने की क्रीम के नाम पर खपा रहे थे दवाएं। बंजारी चौक स्थित जागनमल अशोक कुमार में भी छापा मारा।

# बीजेपी के 5 नेता सीएम की रेस में सबसे आगे?



### तीसरे पर शाह की गारंटी

**रायपुर,24 नवम्बर 2023 (ए)।** विधानसभा चुनाव परिणाम से पहले भाजपा के राजनीतिक पटल पर 5 नामों पर चर्चा बड़े जोरशोर से शुरू हो गई है। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 दो चरणों में हुए हैं। पहले फेज के लिए 7 नवंबर और दूसरे फेज के लिए 17 नवंबर को वोटिंग हुई थी। राज्य विधानसभा चुनाव का रिजल्ट 3 दिंसबर को घोषित किया जाएगा। राजनीतिक जानकारों और भाजपा की मंशा पढ़ने वालों का कहना है कि अगर बीजेपी सरकार बनी तो ये 5 नेता सीएम की रेस में सबसे आगे? छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए बीजेपी ने इस बार सीएम चेहरा घोषित नहीं किया है।

# हाईकोर्ट ने विश्वविद्यालय को दी कड़ी चेतावनी

**» मृत कर्मचारी के परिजन को मिला न्याय**

**बिलासपुर,24 नवम्बर 2023 (ए)।** बिलासपुर हाईकोर्ट ने यूनिवर्सिटी के बर्खास्त कर्मचारी को 9 साल बाद न्याय दिया.लेकिन जीत की खुशी को सुनने के लिए कर्मचारी अब इस दुनिया में नहीं है.केस लड़ने के दौरान ही दो साल पहले कर्मचारी की मौत हो चुकी है. लिहाजा अब इस मामले में कोर्ट उसके परिवार वालों को इसका लाभ देने के निर्देश दिए हैं.



पूरा मामला बिलासपुर के केंद्रीय विश्वविद्यालय का है. जिसमें प्यून कम प्लम्बर की नियुक्ति को बर्खास्त किया गया था. कोर्ट ने माना की जांच अधिकारी ने प्रश्नोत्तर पैटर्न पर सवाल पूछकर नियम विपरीत काम किया है. गुरु घासीदास सेंट्रल यूनिवर्सिटी बिलासपुर में 1994 में प्यून कम प्लंबर के पद पर पंतराम सूर्यवंशी की नियुक्ति की गई थी. नियुक्ति के बाद 2008 में पंतराम को प्लंबर पद पर पदोन्नति दी गई. गुरु घासीदास विश्वविद्यालय के केंद्रीय विश्वविद्यालय बनने के बाद 11 अगस्त 2011 को आरोप पत्र देकर पंतराम सूर्यवंशी से जवाब मांगा गया. इसमें अधिकारियों से दुर्व्यवहार जैसे आरोप लगाए गए थे.विभागीय जांच के दौरान जांच अधिकारी ने उनसे प्रश्न उत्तर के पैटर्न पर सवाल किया. इसके बाद रिपोर्ट विश्वविद्यालय को सौंपी दी गई. जिसके बाद कुलपति ने अनुशासनिक अधिकारी के रूप में इन्हें बर्खास्त किया. जबकि यह कुल सचिव का क्षेत्राधिकार होता है.

याचिकाकर्ता पंतराम सूर्यवंशी ने 2014 में हाई कोर्ट की शरण ली. हाई कोर्ट में लगभग 9 साल तक यह मामला चलता रहा और अंत में याचिकाकर्ता प्यून पंतराम की जीत हुई. लेकिन इस जीत की खुशी मिलने के पहले ही पंतराम सूर्यवंशी की 2021 में मौत हो गई. मामले में कोर्ट ने उनके उत्तराधिकारियों को सभी देयकों के साथ भुगतान करने का निर्देश जारी किया है. मामले में कोर्ट ने माना की जिन अधिकारियों के पास जो अधिकार नहीं थे उन्होंने अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर काम किया है. जिसके लिए विश्वविद्यालय प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी गई है और कार्यक्षेत्र में रहकर काम करने को कहा है.

# सीएम भूपेश के खिलाफ विजय बघेल शिकायत करने पहुंचे आयोग

**रायपुर,24 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का रिजल्ट 3 दिसंबर को घोषित होना है। रिजल्ट से पहले एक बार फिर प्नदेश की राजनीति आचार संहिता के उल्लंघन को लेकर गरमा गई है। पाटन विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार विजय बघेल ने भूपेश बघेल की शिकायत की है।



उन्होंने मांग की है कि भूपेश बघेल की उम्मीदवारी को रद्द कर दिया जाए। छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव का रिजल्ट से पहले राज्य में एक नया मामला सामने आया है। बीजेपी ने सीएम भूपेश बघेल की उम्मीदवारी रद्द करने की मांग करते हुए चुनाव आयोग से शिकायत की है। दुर्ग सांसद और पाटन विधानसभा सीट से बीजेपी उम्मीदवार विजय बघेल ने सीएम के खिलाफ शिकायत की।

विजय बघेल ने आरोप लगाया है कि पाटन विधानसभा सीट में आचार संहिता का उल्लंघन किया है। बीजेपी का आरोप है कि चुनाव प्रचार खत्म होने के बाद पाटन विधानसभा सीट में कांग्रेस उम्मीदवार के लिए रैली का आयोजन किया गया था।

इसी मामले को लेकर शुक्रवार को बीजेपी का प्रतिनिधिमंडल मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिला। बीजेपी ने कहा कि 16 नवंबर को पाटन विधानसभा सीट में चुनाव प्रचार किया गया है।

# पुलिस पटेल की हत्या

### माओवादियों ने फिर मचाया आतंक

**पखांजुर,24 नवम्बर 2023 (ए)।** चुनाव के नतीजे आने में जहां कुछ ही दिन शेष रह गए हैं तो वहीं, माओवादी अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहे हैं। आए दिन वे किसी न किसी वारदात को अंजाम दे रहे हैं। कभी ग्रामीणों को वोट देने से मना करने के लिए धमकाना तो कभी किसी नेता की हत्या करने की धमकी, चुनावी साल में इनका आतंक हद से ज्यादा बढ़ गया है। इसी बीच माओवादियों ने एक ग्रामीण की हत्या कर दी है।बताया जा रहा है कि मृतक पुलिस पटेल के रूप में काम कर रहा था। सूरजागढ़ खनन परियोजना में उस पर दलाली का आरोप है। बता दें कि माओवादियों ने छग की सीमावर्ती इलाके में घटना को अंजाम दिया है। गढ़चिरौली जिले के एटापल्ली तहसील की यह पूरी घटना है।



# पटवारी रिश्वत मामलें में हुआ निलंबित

**धमतरी,24 नवम्बर 2023 (ए)।** किसान से घूस लेने के मामले में पटवारी पर निलंबन की गाज गिरी है. जानकारी के अनुसार, पटवारी का सोशल मीडिया पर घूस लेते पटवारी का वीडियो वायरल हुआ था. जिसके बाद कलेक्टर ने मामले में संज्ञान लेते हुए जांच के बाद कार्रवाई की है। मामला सामने आने के बाद जांच की गई. जांच में पता चला कि, तहसील पेण्ड्रा में पदस्थ पटवारी विजय प्रताप सिंह ने बंधी गांव निवासी किसान विनोद अग्रवाल से भूमि के चौहद्दी के बदले 4 हजार रुपए की रिश्वत की मांग की गई थी. उसके बाद निलंबन की कार्रवाई की गई।

# गुंडागर्दी,पार्षद और उसका बेटा गिरफ्तार

**सतपाल सिंह का आरोप था कि पार्षद की दबंगई के चलते थाने के भीतर भी उनको पार्षद ने अपमानित किया,पुलिस की मौजूदगी में उस पर धौंस दिखाई गई। पुलिस से भी जब न्याय नहीं मिला तब वो बिजली के टावर पर न्याय मांगने के लिए चढ़ गए।**





**दुर्ग,24 नवम्बर 2023(ए)।** भिलाई के दबंग पार्षद और उसके बेटे की गिरफ्तारी आखिरकार पुलिस ने कर ली। पिटाई से नाराज होकर सतपाल सिंह टावर पर चढ़ गए. पुलिस और सांसद के समझाने और दोषी पर कार्रवाई का भरोसा दिलाने के बाद वो नीचे उतरे। पुलिस ने बाद में पिटाई करने और गुंडा गर्दी करने वाले पार्षद और उसके बेटे पर मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पार्षद और उसके बेटे की गिरफ्तारी से सतपाल सिंह का गुस्सा शांत हुआ।

पार्षद और उसके बेटे पर आरोप था कि उसने सेक्टर 10 में रहने वाले सतपाल सिंह की पिटाई कर दी थी। पिटाई से नाराज होकर सतपाल सिंह बिजली के टावर पर चढ़ गए. टावर पर चढ़े सतपाल सिंह को किसी तरह से पुलिस ने मनाकर नीचे उतारा।

सतपाल सिंह का आरोप था कि पार्षद की दबंगई के चलते थाने के भीतर भी उनको पार्षद ने अपमानित किया, पुलिस की मौजूदगी में उस पर धौंस दिखाई गई। पुलिस से भी जब न्याय नहीं मिला तब वो बिजली के टावर पर न्याय मांगने के लिए चढ़ गए।

विधानसभा चुनाव के बाद सेक्टर 10 में रहने वाले सतपाल सिंह का विवाद स्थानीय पार्षद से हुआ था। दोनों के बीच विवाद बढ़ने पर पार्षद और उसके बेटे ने मिलकर सतपाल की पिटाई कर दी। नाराज सतपाल रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने पहुंचे जहां पुलिस ने उल्टे पीड़ित पर ही मामला दर्ज कर लिया।

# नारायणपुर के जंगल में आईईडी ब्लास्ट

### 2 मजदूरों की मौत

**नारायणपुर,24 नवम्बर 2023 (ए)।** मजदूर आमदई माइंस में काम करने के लिए जंगल के रास्ते से जा रहे थे। इसी दौरान प्रेशर आईईडी पर इनका पैर आ गया। जिससे आईईडी ब्लास्ट हुआ और दो मजगूरों की मौत हो गई ।



नारायणपुर जिले में नक्सलियों की लगाई प्रेशर आईईडी की चपेट में आकर 2 मजदूरों की मौत हो गई है। जबकि तीसरा मजदूर घायल है। जिसका इलाज नजकीदी स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा है।जानकारी के मुताबिक, इलाके में नक्सलियों ने जवानों को नुकसान पहुंचाने के लिए पहले से ही प्रेशर आईईडी प्लांट कर रखा था। शुक्रवार की सुबह मजदूर जंगल के रास्ते माइंस जा रहे थे। इसी दौरान राजपुर के रहने वाले एक मजदूर रितेश गागड़ा (21) का पैर आईईडी पर पड़ गया। जिससे जोर का धमाका हुआ। ब्लास्ट की चपेट में आकर रितेश की मौत हो गई, वहीं मजदूर श्रवण गागड़ा लापता हो गया था। एक अन्य मजदूर घायल है।

धमाके के बाद बाकी मजदूर यहां-वहां भागने लगे। मामले की जानकारी जब पुलिस को मिली, तो जवान घटना स्थल पर पहुंचे। मृत मजदूर के शव और घायल को अस्पताल लाया गया। धमाके के बाद से लापता मजदूर श्रवण की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया गया। थोड़ी देर के बाद वो गंभीर हालत में जंगल में ही मिला। उसे तुरंत अस्पताल लाया गया, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।



### सीआरपीएफ जवानों को उड़ाने की नक्सल साजिश नाकाम

**बीजापुर,24 नवम्बर 2023 (ए)।** बीजापुर जिले में सुरक्षाकर्मियों को बड़ी सफलता मिली है, गस्त पर निकले सुरक्षाबलों ने 25-25 किलो के दो आईईडी बम बरामद किये हैं। सुरक्षाबलों ने सतर्कता के साथ बम को डिफ्यूज कर दिया है। सुरक्षा बलो की सतर्कता और सूझबूझ से नक्सलियों के नापाक मंसूबो पर जवानों ने पानी फेर दिया है। मिली जानकारी के अनुसार, नक्सली सुरक्षाबलों को नुकसान पहुंचाने के उद्देश्य से अक्सर आईईडी बम लगाते रहते हैं। शुक्रवार को मुरदण्डा से बासागुड़ा सड़क पर गड्ढा खोदकर नक्सलियों ने 25-25 किलो के 2 आईईडी लगाए थे जिसे डिफ्यूज कर दिया गया है।

# कांग्रेस विश्वासघातियों की कर रही पहचान

### कईयों पर कार्रवाई

**रायपुर,24 नवम्बर 2023 (ए)।** छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के लिए प्रदेश में दो चरणों में सभी सीटों पर मतदान हो चुका है। प्रदेश कांग्रेस ने बगावत करने वाले नेताओं पर बड़ी कार्रवाई की है। कांग्रेस पार्टी ने चुनाव के दौरान भितरघात करने वाले नेताओं को बाहर का रास्ता दिखाने के साथ-साथ नोटिस जारी कर जवाब भी मांगा है। कांग्रेस ने विधानसभा चुनाव के दौरान भितरघात करने वाले नेताओं पर सख्त कार्रवाई की है। पार्टी ने कुछ को बाहर का रास्ता दिखाया है, तो कुछ से नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। टिकट नहीं मिलने पर निर्दलीय प्रत्याशी व अन्य दलों से चुनाव लडने़ वालों को पार्टी से छह साल के लिए प्राथमिक सदस्यता से निष्कासित किया है।कांग्रेस ने बस्तर में पूर्व महिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष कमल झज्ज, विक्रम शर्मा को पार्टी ने 6 साल के लिए निष्कासित किया है। वहीं, निर्दलीय चुनाव लडने़ वाले अनूप नाग को भी 6 साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया गया है। इसके अलावा पुष्पा पाटले, तारकेश्वर गाभेल और त्रिलोक श्रीवास को कारण बताओ नोटिस जारी कर 24 घंटे में जवाब मांगा है। पार्टी करीब दो दर्जन से ज्यादा बागी नेताओं पर कार्रवाई करने की तैयारी में है। इस बीच प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने दावा किया है कि कांग्रेस से बागी होकर निर्दलीय चुनाव लडने़ वाले नेताओं से पार्टी को तो कोई नुकसान नहीं होगा। पार्टी तो किसी एक को ही टिकट देगी, लेकिन बाकी लोगों को मिलकर पार्टी के लिए काम करना चाहिए। अगर कोई पार्टी के विरोध में जाकर चुनाव लड़ेगा, तो कार्रवाई तो होगी ही। इससे पार्टी पर कोई असर नहीं पड़ेगा। कांग्रेस जीतकर आ रही है। पार्टी के पास और भी शिकायतें आई हैं।



प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)